## स्पीड न्यूज

### वर्ल्ड हार्ट डे पर वाकाथन 29 को

**जमशेदपुर।** वर्ल्ड हार्ट डे के उपलक्ष पर ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा 29 सितंबर को जमशेदपुर वासियों के लिए एक मेगा वाकाथन आयोजित करेगा। वाकाथन में कारपोरेट जगत, मीडिया जगत, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान, हेल्थ केयर प्रोफेशनल, प्रतिष्ठित क्लब एवं समाज के लोग शामिल होंगे।

### विहंगम योग के संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज का नगर आगमन आज

**जमशेदपुर।** विहंगम योग संत समाज के 100 शताब्दी समारम्भ महोत्सव 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज के पावन सानिध्य में राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा,जय स्वर्वेद कथा (कश्मीर से कन्याकुमारी) हेतु जमशेदपुर में आयोजन 29 सितम्बर को संध्या 5 बजे से टैगोर अकादमी सभागार, साकची में किया गया है।

### नारायण आइटीआइ में याद किये गये शहीद भगत सिंह

**जमशेदपुर।** आज नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह में भारतीय क्रान्तिकारी और स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे जी ने कहा कि भगत सिंह (जन्म: 28 सितम्बर 1907 , वीरगति: 23 मार्च 1931) भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे।

### क्रिसेंट हाई स्कूल में 37 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** धर्म इस्लाम के संस्थापक व पैगम्बर मुहम्मद स . के जन्म दिन पर मानवता की भलाई व अभावग्रस्त लोगों को मदद के लिए सेन्ट्रल रीलीफ एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान मे आजादनगर के क्रिसेंट इंग्लिश हाई स्कूल मे एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिस मे 37 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया । रक्त दान करने वाले लोगों ने संयुक्त जुलूसे मुहम्मदी मे शामिल हो कर इस रक्तदान शिविर मे भाग लिया ।

### जाकिरनगर ट्रस्ट में मना जश्न ए ईद मिलाद उन नबी

**जमशेदपुर।** मानगो जकिरनगर ट्रस्ट में जशन ईद मिलादुन नबी समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय मदीना मस्जिद इमाम मुफ़्ती अब्दुल मालिक मिसबाही ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा की आज ही के दिन संसार का कारण मुहम्मद अरबी स. इस संसार मे पधारे थे। यदि कोई मुक्ति प्रदान कर सकता है तो वह धर्म इस्लाम है ।

### ईचागढ़ में जंगली वृद्ध हाथी की मौत

**चांडिल।** ईचागढ़ प्रखंड के पश्चिम बंगाल सीमा से सटे सपारूम में एक जंगली हाथी की मौत हो गई। गुरुवार की सुबह इसकी जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम जांच में जुट गई है। पिछले चार माह के भीतर चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में दो हाथी की मौत हो चुकी है। 22 मई को ईचागढ़ प्रखंड के हो कुटाम में 70 वर्षीय मादा जंगली हाथी की बीमारी के कारण मौत हो चुकी है।

### सुखराम ने शक्ति पद महतो को दी श्रद्धांजलि

**चांडिल।** गुरुवार को झामुमो के वरिष्ठ नेता सह कुंकडु के बिस सूत्री अध्यक्ष शक्ति पद महतो को झामुमो के वरिष्ठ नेता सह पूर्व जिला सचिव सुखराम हेंम्ब्रम ने दिवंगत नेता शक्ति पद महतो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। सुखराम ने कहा ईंचागढ विधानसभा क्षेत्र के लिए शक्ति पद महतो का निधन अपूर्णीय छती है। शक्ति पद महतो का कमी हमेशा खलेगी।

### आंदोलनकारी सूर्य सिंह बेसरा यूसील प्रबंधन पर बिफरे

**जादूगोड़ा।** यूसील में वर्षो से लंबित यूनियन का चुनाव समेत जन मुद्दो की अनदेखी पर झारखंड आंदोलनकारी सूर्य सिंह बेसरा जादूगोड़ा मे आज बृहस्पतिवार सभा कर कम्पनी प्रबंध पर बिफरे तथा कहा कि कल शुक्रवार को इस बाबत एक प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय सहायक श्रमायुक्त को ज्ञापन सौपेगा।

## सरकार की आमद... मरहबा... हुज़ूर की आमद.....मरहबा... के उद्घोष से गूंजा शहर

# इस्लाम किसी पर जुल्म-ओ-सितम की इजाजत नहीं देता : मुफ्ती






जयप्रकाश सेतु, मानगो से गुजरता भव्य जुलूस, मानगो बड़ा हनुमान मंदिर के सामने पुलिस सुरक्षा, धातकीडीह मेन रोड से गुजरता जुलूस व सामुदायिक मैदान में जुलूस को संबोधित करते मुफ्ती।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ईद मिलादुन्नबी पर शहर के अलग अलग क्षेत्रों से जुलूस-ए-मोहम्मदी बृहस्पतिवार को निकाली गई। इसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। सभी जुलूस साकची के नेताजी सुभाष मैदान,आमबगान पहुंचा पहुंचा और फिर यहां से साकची गोलचक्कर, स्ट्रेट माइल रोड, जुस्को ऑफिस गोलचक्कर होते हुए धातकीडीह सेंट्रल मैदान पहुंचा। धातकीडीह के मक्का मस्जिद में जोहर नमाज की दो जमातें हुई। पहली जमात दोपहर एक बजे और दूसरी जमात सभा समाप्त होने के बाद दोपहर 2.30 बजे हुई। दौरान पूरा इलाका सरकार की आमद मरहवा, हजूर की आमद मरहब्बा, मक्की की आमद मरहबा के नारे से गूंजता रहा। जुलूस में लोग हाथों में इस्लामिक झंडा लिए हुए थे। जुलूस आगे-आगे उलमा मौजूद रहे। तंजीम अहले सुन्नत के मुफ्ती जियाउल मुस्तफा मिस्बाही और अन्य उलमा जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। जुलूस में एक से बढ़कर एक झांकी भी देखने को मिली। धातकीडीह में लंगर भी बांटा गया। धातकीडीह कम्युनिटी सेंट्रल मैदान में तंजीम अहले सुन्नत व जमाअत के बैनर तले सभा आयोजित हुई। सभा में तंजीम अहले सुन्नत के मुफ्ती जियाउल मुस्तफा ने कहा कि इस्लाम कहीं भी किसी पर भी जुल्म व सितम की इजाजत नहीं देता। इस्लाम अमन और शांति का पैगाम देता है। तंजीम अहले सुन्नत व जमाअत जरूरतमंदों की मदद करते आ रहा है। मानगो की अलग-अलग कॉलोनी के मुस्लिम धर्मावलंबियों का समूह विभिन्न वाहनों पर सवार होकर पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो वाले वसल्लम की शान में ध्वज लिए कॉलोनी से निकले और गांधी मैदान में जाकर मुख्य जुलूस में शामिल हुए। यह जुलूस सांप्रदायिक सौहार्द का परिचय देते हुए मानगो पुल से साकची होते हुए धतकीडीह जाकर समाप्त हुआ। सकची, गोलमुरी, भालूबासा, टेल्को, बमार्माइंस, कीताडीह, मकदुमपुर, परसूडीहु जुगसलाई, कदमा, शास्त्रीनगर, सोनारी सहित अन्य क्षेत्रों से निकला से जुलूस धतकीडीह सेंटर मैदान पहुंचा, जहां उलेमाओं की तकरीर के बाद सलातो सलाम पढ़कर सभी को अपने क्षेत्र में रवाना कर दिया गया।

**गांधी मैदान से यूं निकला जुलूस :** जुलूस ए मोहम्मदी मानगो गांधी मैदान से उलेमा की तकरीर के बाद 9:30 बजे निकला है. इस में उलेमा कारी जिया उल मुस्तफा, मौलाना बुरहान उल होदा, मौलाना शमशाद उल कादरी सहित अन्य उलेमाओं ने पहले तकरीर की इसके बाद वहां से जुलूस साकची आम बागान मैदान के तरफ निकला, उलेमा के पीछे जीप, कार ,बाइक और छोटे ट्रक पर सवार लोग थे। टेलर को जुलूस में ले जाने पर रोक थी, लिहाजा बड़े और छोटे ट्रक पर सवार लोग लाउडस्पीकर पर नात पाक का तराना नारेबाजी के साथ धीरे-धीरे रवाना हो रहे थे। सुबह 9:00 बजे निकला जुलूस दोपहर 1:30 बजे धतकीडीह सेंटर मैदान पहुंचा, जुलूस के वहां पहुंचने से पहले ही उलेमाओं के द्वारा तकरीर की गई जुलूस करीब 10:30 बजे सकची आमबगान मैदान पहुंचा।

**तीन जगहों पर सभा:** मानगो गांधी मैदान, आमबगान मैदान और धतकीडीह सेंटर मैदान तीनों जगहों पर कार्यक्रम की शुरूआत कुरान की तिलावत से हुई, कार्यक्रम के दौरान नारे तकबीर अल्लाह हो अकबर नारे रिसालत या रसूल अल्लाह के नारे गूंज रहे थे। मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्लाह खान, अब्दुल रऊफ, शाहिद रजा मुर्तजा,कारी मुशताक, सैयद शौकत अली, ताहिर खान, शाहिद रजा, माजिद अख्तर, धतकीडीह मक्का मस्जिद के इमाम अबू हुरैरा, माजिद अख्तर, मौलाना बरहानूल हुदा, अल्हाज मुख्तार सफी, उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जुलूस में शामिल लोगों में बांटे फल-मिठाई



फल-मिठाइयां बांटते मंत्री बन्ना गुप्ता।

पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम के जन्मदिन 'ईद मिलादुन नबी के शुभ अवसर पर बृहस्पतिवार को जमशेदपुर में निकली गई जुलूस-ए-मोहम्मदी में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के बीच फल, बिस्किट, मिठाइयां वितरण किया।

## मंगला हाट दुकानदार संघ ने श्रद्धालुओं के बीच बांटा लंगर



**जमशेदपुर।** आज शिक्षित बेरोजगार मंगला हाट दुकानदार संघ की ओर से हर साल की तरह इस साल भी जश्न ईद ऐ मिलादुन्नबी के मौके पर साकची गोलचक्कर के सामने जुलूस में शामिल होनेवाले लोगों के लिए लंगर का इंतजाम किया गया था । लंगर में सेवा देने के लिए हिन्दू दुकानदार भी शामिल थे।

संघ के अध्यक्ष शाही आदिल ने मौके पर कहा कि हमसब पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैही वसल्लम साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर हम सभी इंसानियत व नेकी की राह पर चलने की मिसाल पेश करें।

मेरे एवं मंगला हाट के सभी दुकानदारो के परिवार की ओर से समस्त देश वासियो को जशन-ईद-ए-मिलाद-उन-नबी की बहुत बहुत मुबारकबाद।

## पैगंबर साहब के जन्मदिन पर 135 यूनिट रक्तदान




रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन हाजी हिदायतुल्लाह व अन्य अतिथि।

**जमशेदपुर।** गुरुवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा जशन ए ईद मिलाद उन नबी सल्लल्लाहो ताला ﷺवसल्लम के मौके पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन आजाद मैरिज हॉल में किया गया। इस ब्लड डोनेशन कैंप में 135 लोगों ने रक्त दान किया। शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक द्वारा किया गया।

## पानी का खर्च कम करें लोग, बिल कम आयेगा

# बिजली का शुल्क बढ़ेगा तो पानी का भी : टाटा स्टील यूआइएसएल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**सरकारी गजट अधिसूचना के अनुसार है जल शुल्क में वृद्धि, जनता को दिया उपदेश**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल स्पष्ट किया है कि उसने जल शुल्क में हाल ही में वृद्धि झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत 2021 में अधिसूचित नियमों के अनुपालन में है। इन नियमों के मुताबिक बिजली दर में बदलाव की स्थिति में बिजली की कीमत के अनुपात में पानी का शुल्क भी बढ़ सकता है। झारखंड विद्युत विनियामक आयोग ने दिसंबर 2022 में बिजली दर में 6% की वृद्धि की है, जिससे पानी के टैरिफ में भी वृद्धि हुई है। जल टैरिफ में संशोधन की सूचना जुलाई 2023 से सभी उपभोक्ताओं को उनके संबंधित बिलों में व्यक्तिगत रूप से दी जा रही है। कंपनी के प्रवक्ता ने यहां जारी बयान में कहा है, हम अपने उपभोक्ताओं को यह भी सूचित करना चाहेंगे कि वे अपने पानी के बिल को कम करने के लिए विभिन्न जल संरक्षण उपायों का लाभ उठा सकते हैं। इन उपायों में वर्षा जल संचयन, जल-कुशल उपकरणों का उपयोग करना और उनकी पाइपलाइन में किसी भी रिसाव को ठीक करना शामिल है। हम अपने उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम संभव सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और हम जमशेदपुर में अपने उपभोक्ताओं की समझ और सहयोग की सराहना करते हैं।

## आदित्यपुर शेर-ए-पंजाब चौक पर खुला त्रिनेत्रम आई हॉस्पिटल

# मंत्री बन्ना व सांसद विद्युतवरण ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बन्ना गुप्ता, विद्युतवरण, समाजसेवी मुरलीधर केडिया व शारदा केडिया।

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर के शेरे पंजाब चौक में स्थित दयाल ट्रेड सेंटर के तीसरे तल्ले में त्रिनेत्रम आई हॉस्पिटल का उद्घाटन झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो, समाजसेवी मुरलीधर केडिया एवं शारदा केडिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान अस्पताल के प्रबंधक निलेंदू चाँद ने बताया कि आंखों के समस्त बीमारियों का ईलाज आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित इस अस्पताल में उच्च तकनीक से शहर के वरीय नेत्र सर्जन डॉ. विवेक केडिया एवं रेटिना सर्जन डॉ. आतीश कुमार प्रधान के नेतृत्व में कुशल सहायक टीम के द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में आधुनिक रूप से सुसज्जित तीन उच्च कोटि के ऑपरेशन थियेटर का निर्माण किया गया है जहां मोतियाबिंद एवं रेटिना के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। इस अस्पताल में चश्मे का पावर हटाने के लिये आईसीएल की सर्जरी की जाएगी। त्रिनेत्रालय हॉस्पिटल कोलकाता के सहयोग से लेसिक सर्जरी की भी व्यवस्था उपलब्ध है। बच्चों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन, भेंगापन का ईलाज, काला मोतियाबिंद की जांच एवं इसका ईलाज इस अस्पताल में उच्च तकनीक से किया जायेगा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा यह अस्पताल जमशेदुपर के लोगों के लिये वरदान साबित होगा। लोगों को अब आंखों के ईलाज के लिये पैसे खर्च कर दूसरे शहरों और राज्यों में जाना नहीं पड़ेगा क्योंकि उन्हें इस अस्पताल में अनुभवी डाक्टरों सहित सारी सुविधायें उपलब्ध हो जायेगी और मरीजों के समय की बचत होगी।

# शहीद-ए-आजम की स्मृति में शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान

## शौर्य संस्था ने शहीदे आजम भगत सिंह को किया नमन, शहीदों के परिवार को सम्मानित कर मनायी अपनी प्रथम वर्षगांठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



समारोह में सम्मानित किये गये शहीदों के परिजनों के साथ अतिथिगण।

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था शौर्य की प्रथम वर्षगांठ पर एवं शहीदे आजम सरदार भगत सिंह जी की जयंती के उपलक्ष्य पर शाहिद सम्मान समारोह का कार्यक्रम साकची स्थित होटल कन्नेलाइट के सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, राजनेता व सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कुमार, ब्लड बैंक के महाप्रबंधक संजय चौधरी, सैनिक परिषद के सुशील सिंह , बृजभूषण सिंह एवं संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने दीप प्रज्वलित कर किया। सर्व प्रथम माँ भारती एवं शहीद भगत सिंह जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। तदुपरांत पूर्वी सिंहभूम के विभिन्न स्थानों से आए शहीद परिवार के सदस्य को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुणाल सारंगी ने शहीदों को नमन करते हुए देश की रक्षा के लिए अपना प्राण अर्पित करने वाले वीर योद्धाओं को याद किया। कहा उनके दिये गए बलिदान का कर्ज हम कभी नहीं चुका सकते। युवा आजादी और अनुशासन के फर्क को समझे और अपनी जिमेदारी का निर्वाह करते हुए राष्ट्र की सेवा व निर्माण में अपना अहम योगदान दे। विशिष्ट अतिथि दिनेश कुमार ने शौर्य संस्था के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के वर्तमान समय में भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर हैं। हमें आजादी जरूर 1947 में मिली पर आज भी जात-पात, धर्म-अधर्म एवं ऊँच-नीच से हम देशवासी आजाद नही हो पाए हैं। अभी जरूरत हैं कि हम इन सब को भूलकर एवं एक जुट होकर माँ भारती के गौरव को बढ़ाए ताकि पुनः भारत को सोने की चिड़िया बना सके। संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने सभी का स्वागत करते हुए संस्था के द्वारा एक वर्ष में किए गए कार्यो का उल्लेख किया। शौर्य संस्था के उद्देश्य से रूबरू कराते हुए राजा ने आज के युवाओं को देश सेवा के प्रति सजग करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के द्वारा दिए गए बलिदान को ना भूलने को कहा। आजादी कितनी कीमती मानकों पर मिली हैं यह आज की पीढ़ी को कभी भुलाना नही चाहिए।

### शहीद की मां ने मंच से मांगा अपने पुत्र के लिए सम्मान

शौर्य संस्था के स्थापना दिवस पर आयोजित शहीद सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित हुई शहीद किशन दुबे जी की माँ श्रीमती जगमया देवी ने मंच पर से अपने पुत्र के शहीद हुए 8 वर्ष पूर्ण होने पर भी अभी तक प्रतिमा नहीं लग पाने का दर्द बयान किया। उन्होंने शौर्य संस्था के माध्यम से उपस्थित सभी अथितयों से मांग की की जल्द जल्द वे न्याय कर उनके शहीद पुत्र को उसका असली सम्मान दिलाने का आग्रह किया। शौर्य संस्था के द्वारा देश की आजादी के बाद हुए विभिन्न युद्ध में अपना अहम योगदान दे चुके पूर्वी सिंहभूम में निवास करने वाले पूर्व सैनिकों के पराक्रम को नमन करते हुए सम्मानित किया गया।

### शहीद परिवार के सदस्य जिनको सम्मानित किया गया

शहीद गणेश हांसदा के भाई दिनेश हांसदा
शहीद दिलीप बेसरा के भाई नारायण बेसरा
शहीद रवि सोरेन की धर्मपत्नी शिवानी सोरेन
शहीद मनोज कुमार की धर्मपत्नी सुनीता देवी
शहीद मनोरंजन कुमार के भाई आदित्य कुमार
शहीद किशन दुबे की माताजी जगमाया देवी
शहीद जितेंद्र कुमार के पुत्र मिथलेश कुमार
शहीद पी श्रीनिवास राव की धर्मपत्नी पद्म राव
शहीद श्यामसुंदर शर्मा की धर्मपत्नी गीता शर्मा
शहीद मनोहर कुंकल की धर्मपत्नी शोभा कुंकल

युथ अचीवर्स किए गए सम्मनित किए गए युवा
रुशील कुमार नेशनल टॉपर आई सी इस ई बॉर्ड
पूनम कुमारी गोल्ड मैडल बैडमिंटन ओलंपिक्स जर्मनी
मिकाइल अमीर नेशनल टॉपर गोल्ड मैडल वेटलिफ्टिंग
श्रीजीता दास गोल्ड मेडल मार्शल आर्ट खेलो भारत
शिवानी रे गोल्ड मेडल मार्शल आर्ट खेलो भारत
मिश्टु मुखर्जी नेशनल विनर कथक
सोनाली घोष नेशनल विनर कथक
गायत्री नायक गोल्ड मेडल मार्शल आर्ट खेलो भारत
इनाया प्रधान सिल्वर मेडल मार्शल आर्ट खेलो भारत
दिव्या सोय गोल्ड मेडल वुशु खेलो भारत
आनंद कुमार गोल्ड मेडल वुशु खेलो भारत
प्रियंका मोदक फाइनलिस्ट नेशनल वुशु चैंपियनशिप
बिरजू बास्की नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप
उर्बशी शॉ प्रथम स्थान भारत नाट्यम ओडिशा
माहूमिता कुमारी सिल्वर मेडल आर्चरी एशियाई गेम्स
भाग्यवती चानू कांस्य पदक आर्चरी कामनवेल्थ गेम्स

## टाटा स्टील ने कार्बन फुटप्रिंट को और कम करने के लिए आइओसीएल के साथ करार किया

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** अपने फेरो अलॉय प्लांट्स में कार्बन फुटप्रिंट को और कम करने के लिए, टाटा स्टील के फेरो अलॉय एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल) और उसके बिजनेस एसोसिएट के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते में एलपीजी आपूर्ति, एलपीजी सुविधाओं की स्थापना और ओडिशा में गंजाम जिले के गोपालपुर और कटक जिले के अथागढ़ में कंपनी के फेरो अलॉय प्लांट्स में इसका संचालन और रखरखाव शामिल है। पर्यावरणीय चिंताओं और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की वैश्विक अनिवार्यता के जवाब में, टाटा स्टील ने फर्नेस ऑयल और हाई-स्पीड डीजल से अधिक सस्टेनेबल ईंधन विकल्प - तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। इस पर्यावरण-अनुकूल कदम से कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी आने की उम्मीद है।

## ड्राइवर पर जानलेवा हमला कर लूटी गयी ओला आल्टो कार सिदगोड़ा से बरामद

**जमशेदपुर।** बुधवार देर रात को एक ओला ड्राइवर पर बदमाश द्वारा उस्तरा से हमला कर कार लूट ली गयी जिसे गुरुवार को सोनारी पुलिस द्वारा सिदगोड़ा से लावारिश हालत में बरामद कर लिया गया। ड्राइवर संजीत दीप गंभीर रूप से घायल हो गया। ड्राइवर संजीत दीप ने इस घटना की लिखित शिकायत सोनारी थाना में की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस लूट कांड में एक गिरफ्तारी की भी सुचना आ रही है। भुक्तभोगी घायल ड्राइवर संजीत दीप ने अपनी लिखित शिकायत में सोनारी थाना को सूचित किया है कि दिनांक 27 सितम्बर को रात 10:30 से 11:00 बजे के बीच में दो युवको द्वारा उनकी आल्टो कार जिसका गाड़ी नंबर जेएच 05 बीवी 7594 है ओला एप्प के माध्यम से बुक किया गया, ड्राइवर ने एक युवक को तनिष्क शोरूम के पास से गाड़ी में बैठाया तथा दूसरा युवक बिष्टुपुर टाउन ऑफिस गोल्चकर के पास से गाड़ी में सोनारी एरोड्रम के पास जाने के लिए गाड़ी में बैठा। इसके बाद एक युवक जो बिष्टुपुर टाउन ऑफिस गोल्चाकर के पास से बैठा तथा वह लिंक रोड गोलचक्कर के पास उतर गया तथा दूसरा युवक गाड़ी में बैठा रहा जैसे ही कार सोनारी एरोड्रम के पास पहुंची तो वह यवक ड्राइवर को बाराताल्ला फ्लैट के पास चलने की मिन्नत करने लगा जिसके बाद में उसको बाराताल्ला फ्लैट के पास छोड़ दिया।

## स्पीड न्यूज

### नशा का प्रभाव व्यक्ति पर ही नही बल्कि समाज पर भी पड़ता है : पीडीजे

मेदिनीनगर। नशा का प्रभाव व्यक्ति पर ही नही बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है। उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही। वे गुरुवार को सदर प्रखंड में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित नशीली पदार्थ का दुरुपयोग व उन्मूलन बिषय पर जागरूकता शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इसके पूर्व कार्यक्रम का उदघाटन पीडीजे ने ग्रामीणों से द्वीप प्रज्वलित कर कराया। उन्होंने कहा कि खेती करने वाले अन्नदाता अगर जागरूक हो जाये तो नशीले पदार्थों का उपज नही हो पायेगा। जब नशीले पदार्थों का उपज नही होगा तो क्षेत्र नशा मुक्त स्वतः हो जाएगा। परन्तु यह बिडम्बना हैं कि आज अन्नदाता किसान नशीले पदार्थ के बीज दाता हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में पोस्ते की खेती होता है उसको रोकने की जरूरत है। पोस्ते ,गांजा अफीम आदि की खेती से समाज मे नशेड़ियों की संख्या बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब आप खेती रोक देंगे तो ड्रग्स बनेगा नहीं। उन्होंने कहा कि ड्रग्स बेचने वाले का गिरोह शामिल होता है। जो गांव के गरीब ,नौनिहालों को पैसे कि लालच देकर गलत कराता है ऐसे लोगो से सावधान रहने की जरूरत है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि नशेड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी यह चिंता का विषय है। नशा खोरी से घर की स्थिति बिगड़ जाता है। आर्थिक तंगी आता है।और लोग क्रिमिनल बन जाते हैं।

### हुसैनाबाद विस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही है राशन की कालाबाजारी : कर्नल

**हुसैनाबाद (पलामू)।** जिले की हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से राशन गबन का मामला लागातार प्रकाश में आया है। ताजा मामला हुसैनाबाद प्रखंड के उपरी कला पंचायत का है जिसकी खुलासा किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने किया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपरी कला पंचायत के शिव मंदिर के प्रांगण में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित पुरुष और महिला उपभोक्ताओं ने किसान ब्रिगेड को बताया कि हम लोगों को पीछले तीन महीने का राशन नहीं मिला है और डीलर द्वारा खाद सुरक्षा के राशन को गबन कर दिया जा रहा है। कर्नल संजय सिंह ने बताया कि राशन डीलर द्वारा पिछले कई माह से खाद सुरक्षा में बंटने वाले राशन वितरण में अनियमितता बरती जा रही है.डीलर द्वारा पॉश मशीन से पर्ची निकाल दिया जाता है और अगले महीने देने की बात कहकर उपभोक्ताओं को वहां से लौटा दिया जाता है तथा गरीबों के हक के राशन को मिली भगत के चलते बाजार में बेच दिया जाता है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के 90 प्रतिशत ग्रामीण उपभोक्ताओं को खाद सुरक्षा में बंटने वाले राशन वितरण समय पर नहीं किया जा रहा है। इस मामले को उन्होंने सोशल मिडिया के माध्यम से भी उठाया है। उन्होंने पलामू आयुक्त सहित जिला खाद आपूर्ति विभाग को पत्र लेकर राशन कालाबाजारी में शामिल लोगों का विरुद्ध कार्रवाई करने तथा गरीबों को बकाया राशन दिलवाने की मांग की है।

### 30 सितंबर को पलामू में प्रवेश करेगी शौर्य जागरण रथ

**मेदिनीनगर।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम लल्ला का प्राण प्रतिष्ठा आगामी 24 जनवरी, 2024 को होना है। साधु संतों के आह्वान पर विश्व हिंदू परिषद के युवा शाखा बजरंग दल के द्वारा देश भर में शौर्य जागरण रथ यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर धर्म सभा भी आयोजित की जा रही है। पलामू जिला में इस तरह के 10 धर्म सभाएं होनी हैं। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला मंत्री दामोदर मिश्र और पलामू जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संयुक्त रूप से दी। झारखंड में यह यात्रा चार स्थानों से निकाली जाएगी। 29 सितंबर को गढ़वा जिला स्थित बंशीधर नगर मंदिर से निकाली जाएगी। 30 सितंबर दिन शनिवार को इस यात्रा का प्रवेश पलामू के बिश्रामपुर प्रखंड में रेहला से होगी। जहां से आगे विश्रामपुर में 9:30 बजे से एक धर्म सभा आयोजित की जाएगी।

### पीएम आवास निर्माण में तेजी लाने का निर्देश

**नौडीहा बाजार पलामू।** नौडीहा बाजार प्रखंड में पीएम आवास को लेकर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने बैठक की। बैठक में बीडीओ ने डगरा पंचायत करकटा पंचायत में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजन के निर्माण कार्य के तहत बन रहे आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने लाभूकों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय पर आवास पूरा नहीं करनेवाले लाभूकों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में बीडीओ ने कहा सरकार के लक्ष्य को जल्द पूरा करना होगा। कहा कि स्वयं सेवकों को पीएम आवास निर्माण को पूरा कराने में तेजी लाने की जरूरत है। कुछ लाभूक पैसा लेने के बाद भी काम नहीं कर रहे हैं जो काफी दिक्कत है। वहीं बीडीओ श्री मंडल ने मनरेगा योजना के तहत आम बगवानी के तहथ निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। वहीं मुखिया व रोजगार सेवक के निर्देश दिया कि काम में कोई दिक्कत हो रही है तो बतायें ताकि इस पर सुधार जा सके। इस मौके पर विनोद सिंह, पंचायत सेवक विनोद राम, आवास कोर्डीनेटर सनी कुमार खत्री शामिल थे।

### छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**हरिहरगंज पलामू।** उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देश पर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती भांवर तथा मंगरदाहा गांव में पथरा ओपी पुलिस के सहयोग से उत्पाद विभाग ने कार्रवाई कर छह अवैध देशी शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस व उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर अवैध देशी शराब भट्ठी चलाई जा रही है। इस संबंध में उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने बताया की मौके से करीब छह हजार किलोग्राम जावा महुआ और ढाई सौ लीटर तैयार शराब के साथ ही शराब बनाने के कई उपकरण बरामद किए गये हैं। हालांकि छापेमारी टीम को देखने के बाद धंधेबाज भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में शराब निर्माण एवं बिक्री में चार लोगों की संलिप्तता पाई गई है। सभी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत फरार अभियोग दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध देशी शराब भट्ठी चलाने वाले के विरूद्ध यह अभियान लगातार चलता रहेगा। जो भी दोषी पाये जायेंगे उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क पर बह रहा नाली का पानी, बदबू व गंदगी से शहरवासी परेशान

**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के अररूआ खुर्द मोहल्ला स्थित गुरुकृपा पब्लिक स्कूल से शिवमंदिर व मोड़ तक जाने वाली मुहल्ले की बजबजाते नालियों से दुर्गंध आने लगी है। नाले की गंदा पानी सड़क पर फैला हुआ है। जो सड़क किनारे रहने वालों के घर में भी चला आ रहा है। जगह-जगह पर नालियों की गंदगी सड़क पर फैल रही है।इससे लोगों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। नाली जाम होने से कचरे से निकलने वाली बदबू से लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया है। वहीं मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है।पानी के जमा होने से लोगों के बीच रोगों का खतरा मंडरा रहा है।इसे लेकर मोहल्ले वासियों में खाशा आक्रोश व्याप्त है।इस समस्या को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि मोहल्ले के लोग समस्या के निदान के लिए नगर पंचायत को कई बार लिखित आवेदन भी दे चुके है। परंतु अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।

### पलामू में बन रहे परशुराम की छत ढलाई एवं भव्य भंडारा हुआ सम्पन्न

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के झारखण्ड के पलामू ज़िले में चिरंजीवी भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण विगत पांच महिनों से कराया जा रहा है जिसका कार्य प्रगति पर है इस मंदिर में तीन गुम्बदों का निर्माण कराया जाना हैं। गौरतलब है कि भार्गव सेना की ओर से समय-समय पर परशुराम मंदिर के निर्माण कार्य प्रगति में है। पिछले कुछ समय से हर हफ्ते संगठन की ओर से मंदिर निर्माण को लेकर परशुराम भक्त प्रयासरत हैं। मंदिर के छत ढलाई कर दिया छत ढालई के लिए मुख्य यजमान ज्ञानचंद पांडे मंटु तिवारी, कमलेश शुक्ला, अजय तिवारी, सुनील तिवारी, मुकेश तिवारी, के हाथो छत ढलाई के लिए शुभारंभ किया गया। इस मौके पर भव्य भंडारा एवं प्रसाद का आयोजन किया गया था जिसमें पलामू के सभी सनातनियों को आमंत्रित किया गया था, इस भंडारा मे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर मंदिर का मार्गदर्शन किया।

# भागवत कथा व महायज्ञ को लेकर हनुमत पूजा का आयोजन

### काशी से पधारे विद्वानो के मंत्रोच्चार से भक्तिमय हुआ हाउसिंग कॉलोनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** वैदिक मंत्रोच्चारण से भक्तिमय हो गया हाउसिंग कॉलोनी। मौका था श्री देवकीनन्दन ठाकुर जी महाराज के भागवत कथा व लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के हनुमंत पूजा का। महायज्ञ का शुभारंभ 21 नवंबर से प्रारंभ होकर 28 नवंबर तक चलेगा। काशी से पधारे हुए विद्वानो के मंत्रोच्चार के बीच आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय (गुरु पाण्डेय) व उनकी धर्मपत्नी उषा पाण्डेय ने पूजा अर्चना किया। पुजा अर्चना के पश्चात हनुमान जी का झंडा स्थापित किया गया। इस दौरान हनुमान जी के लगे जयकारा से पूरा इलाका गुंजयमान हो गया। हनुमंत पूजा के लिए पूजा स्थल को काफी आकर्षक सजाया गया था। पूजा स्थल को सजाने के लिए हैदराबाद से विशेष तौर पर पौधा मंगाया गया है जो काफी आकर्षक लग रहा था। हनुमंत पूजा में स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह,पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद सिंह,मनोज सिंह,ज्ञानचंद पाण्डेय, दीनानाथ तिवारी, श्याम नारायण दूबे, विभाकर पाण्डेय, जैश रंजन पाठक,प्रोफेसर के के मिश्रा, दुर्गा प्रसाद जौहरी, राजकिशोर सिंह, सीएस दूबे, लवली गुप्ता, मीना गुप्ता, शीला श्रीवास्तव, रुपा सिंह, धनंजय त्रिपाठी, परमदेव सिंह कुशवाहा, ज्योति पाण्डेय, सुधीर दूबे, राजीव रंजन पाण्डेय, प्रवीण सिंह व दामोदर मिश्रा सहित काफी संख्या में सनातनी धर्मावलंबी मौजूद थे। वहीं भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्य राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में काफी सक्रिय भूमिका में नजर आ रहे थे और आंगुतको की सेवा भाव में लगे थे।

# झारखंड चेंबर व्यापारियों के हित के कार्यों का निष्पादन करेगा : आनंद शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभी सदस्यों ने फेडरेशन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नई टीम को सत्र 2023 /24 के लिए निर्वाचित होने पर बधाई दी है। मौके पर पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने झारखंड चैंबर के अध्यक्ष श्री किशोर मंत्री एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी और आशा व्यक्त किया है कि आने वाले समय में पूर्व की भांति ऊर्जा से ओत पोत होकर वह सारे व्यापारियों के हित के कार्यों का निष्पादन करेंगे। चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने अध्यक्ष , सचिव एवं समस्त टीम को बधाई दी और आशा व्यक्त किया कि उन्होंने गत वर्ष जो कार्य का संकल्प लिया था और समय के आभाव से जो कार्य छूट गए थे वह उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा करेंगे। जिसमें मुख्य रूप से खास महल की जमीन का निष्पादन और महिला एंटरप्रेन्योर्स के लिए ऋण उपलब्ध कराना एवं नए औद्योगिक प्रांगण का विकास करना है। उन्होंने किशोर मंत्री जी को स्मरण कराया कि आपने पलामू आगमन के दौरान पलामू की समस्याओं को प्राथमिकता से निष्पादित करने के लिए वचन दिया था। अब पलामू के व्यवसायी झारखंड चैंबर से आशा करते हैं कि उनकी समस्याओं का तुरंत निष्पादन होगा और आने वाले समय में एक अच्छा समन्वय बनेगा जिससे व्यापारिक और व्यवसाय हित के कार्य अच्छे ढंग से हो सकेंगे।

## पांकी में भगत सिंह की जयंती पर भव्य निकाली गई शोभा यात्रा, बोलें डॉ. शशिभूषण

# भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए शहीद हुए भगत सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो पांकी के प्रमुख चौक चौराहों से होते हुए कर्पूरी ठाकुर एवं भगत सिंह की प्रतिमा पास पहुंचकर माल्यार्पण किया गया। शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता एवं भगत सिंह की तस्वीर लगा हुआ तख्ती हाथों में लेकर गर्मजोशी के साथ भारत माता की जय, भगत सिंह अमर रहे, भगत सिंह तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचायेंगे सरीखे गगनभेदी नारे लगा रहे थे। इस मौके पर विधायक ने भगत सिंह को नमन करते हुए कहा कि आज इनके बलिदान को भूलाया नहीं जा सकता है। पांकी विधानसभा ही नहीं पूरे भारत वर्ष की जनता इनके बलिदान को याद करते हुए नमन कर रहा है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह एक ऐसे मां के लाल थे जिन्होंने भारत माता को अंग्रेजों के गुलामी के जंजीरों से मुक्त कराने के लिए हंसते हुए शहीद हुए। आज उनकी जयंती पर उनके शहादत को पूरा देश नमन कर रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि आज हमसभी को शपथ लेने का दिन है कि भगत सिंह के अरमानों को मंजिल तक पहुंचायें। श्री मेहता ने कहा कि भगत सिंह भारत माता को गुलामी से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों के आहूति दिये थे। आज यह शपथ लेते हैं कि भारत माता के सपने को साकार करने के लिए कटिबद्ध हैं। इसके लिए मुझे जो भी करना पडें उसे करने को तैयार हैं। वर्तमान समय में भारत माता के उपर दुषित मानसिकता वाले लोग कई प्रकार के गलत टिप्पणी करते हैं वैसे लोगों को यह बताना चाहते हैं कि भगत सिंह मर कर भी अमर हैं। उनके जीवनी से प्रेरणा लेकर पांकी विधानसभा का एक एक नौजवान आज अपने आप को भगत सिंह से कम नहीं आंक रहा है। उन्होंने कहा कि सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है देखना है कि जोर कितना बाजुये कातिल में है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह , खुदी राम बोस, राजगुरू, सुभाषचंद बोस जैसे देश के महान विभूतियों ने भारत माता को गुलामी से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों की आहूति दिया है।

### भगवान के बिना सब कार्य अधूरा : शशिभूषण



**तरहसी पलामू।** पांकी विधानसभा सभा क्षेत्र के ग्राम पगार में मंदिर भवन के दूसरे तल्ला छत का ढलाई विधायक डा शशिभूषण मेहता ने निजी खर्च से कराया। इसके पूर्व उन्होंने बजरंग बली का पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर ढलाई का कार्य स्वयं ही श्रमदान कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण कराना , यज्ञ कराना यह सबसे बड़ा पुनित कार्य है। मंदिर का निर्माण हो जाने से पगार गांव के ही नहीं बल्कि आसपास के गांव के लोगों को भी पूजा अर्चना करने में काफी सहुलियत होगी। साथ ही साथ पूरे आसपास में भक्ति का माहौल कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि जहां भगवान के शरण में श्रद्धालु भक्ति से लीन होते हैं वहां आसपास घर परिवार के बीच में दुष्ट प्रवृत्ति एवं दुष्टात्मा का प्रवेश नहीं हो पाता है। भक्ति में इतनी शक्ति होती है कि किसी भी आसुरी शक्ति से निपटने के लिए भक्त तत्क्षण तैयार रहते हैं। श्री मेहता ने कहा क झारखंड में आसुरी शक्तियां दुषित मानसिकता के संरक्षण में फल फूल रहे हैं। जिस कारण गांव घर व समाज में संतुलन बिगड़ता है। इसके साथ ही लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा भक्तों पर बनी रहती है उनके बिना कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता है। लोग यह मानते हैं कि भगवान के बिना कोई भी काम अधूरा होता है। इसलिए हिंदू देवी देवताओं का पूजन हमसभी को आदर भाव के साथ स्वच्छ मन से करना चाहिए तभी जाकर समाज में शांति स्थापित होगा।

### नफरत को मिटाने की जरूरत : देवेंद्र सिंह



**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के पंचायत नौडीहा स्थित घँघरी मस्जिद में ईद मिलादुन्नबी त्योहार के मौके पर जलसा का आयोजन किया गया। जलसा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिटु सिंह शामिल हुए। पूर्व विधायक ने कार्यक्रम का उदघाटन फीता काटकर किया। जलसा कमिटी ने पूर्व विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने इंसान से इंसान के प्यार व बंधुत्व का पैगाम दिया। मुहम्मद साहब ने हमेशा अपने धर्म के प्रति आस्था और अन्य धर्मो के प्रति सम्मान की बातें कही। इनके आदर्शों को अपनाते हुए आज समाज में फैल रही नफरत को मिटाने की जरूरत है। पूर्व विधायक ने ईद उल मिलादुन्नबी पर मुस्लिम धर्मावलंबियों को मुबारकवाद दिया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक दूसरे को मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर मुबारक बाद दी।

### सतबरवा में धूमधाम से मना ईद मिलादुन्नबी का त्योहार

**सतबरवा पलामू।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार सतबरवा सहित करमा, ताबर मुक्ता,बारी, बकोरिया,झाबर,पोलपोल समेत कई गांवों में धूमधाम से मनाया गया। ईद मिलादुन्नबी का त्योहार पैगंबर साहब के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है। त्योहार के मौके पर सुबह से ही गांव, मोहल्ले, चौक चौराहों पर रौनक देखी गई। खास कर इस त्यौहार को लेकर बच्चों से बूढ़ों तक में उत्साह देखा गया। त्योहार के मौके पर सुरक्षा बल के जवान भी चाक चौबंद नजर आए। इस मौके पर जुलूस निकाला गया जिसमें काफी संख्या में बच्चे,बुढों और नवजवानों ने भाग लिया। सतबरवा में जुलूस मस्जिद मोहल्ला से प्रारंभ होकर महावीर चौक, रामघाट, बस स्टैंड, होते हुए मदरसा के पास जुलूस का समापन किया गया। इस मौके पर जामा मस्जिद की इमाम तौफीक आलम मिस्बाही ने कहा कि हमें पैगंबर मोहम्मद साहब के आदर्शों को भी अपने जीवन में अनिवार्य रूप से उतरना जरूरी है।

# सहायक अध्यापकों की सर्वदलीय बैठक संपन्न दो को रांची मोराबादी में प्रदर्शन करने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर(पलामू)।** सहायक अध्यापकों की सर्वदलीय बैठक कचहरी परिसर में गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अर्जुन मेहता तथा संचालन मनोज पटेल ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 2 अक्टूबर 2023 को रांची के मोराबादी स्थित गांधीजी के प्रतिमा के समक्ष सफेद वस्त्र में मुंह पर पट्टी बांध कर शांति पूर्वक धरना दिया जायेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी का अनुकंपा को लेकर जारी पत्र सरासर गलत है। इस पत्र से सहायक अध्यापकों में आक्रोश है। सरकार अध्यापकों को अनुकंपा का लाभ नहीं देना चाहती है। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा की वेतनमान का वादा सरकार ने किया था जिसे सहायक अध्यापकों ने काफी इंतजार किया अब सब्र का बांध टूट रहा है। श्री पांडे ने यह भी कहा अब सहायक अध्यापक सरकार से आर पार की लड़ाई के मूड में हैं। अविलंब वेतनमान दें अन्यथा रघुवर सरकार के कार्यकाल को याद कर सबक ले। मीडिया प्रभारी विनीत कुमार दुबे ने कहा कि सर्टिफिकेट जांच के नाम पर वंचित सहायक अध्यापक जो आकलन परीक्षा नहीं दे सके हैं। सरकार जल्द ही आकलन परीक्षा आयोजित करे। बैठक मे 2020 से मृत और सेवानिवृत सहायक अध्यापक को अविलंब पांच लाख रुपए मिले तथा राज्य से बायोमेट्रिक में आ रही परेशानी के चलते रुके मानदेय का भुगतान हो।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में कोताही बरतने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पड़वा पलामू।** आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी पीडीएस डीलर को संबद्ध किए गए प्रज्ञा केंद्र के साथ अधिकतम आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है। इस निर्देश का पालन डीलरों व प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा कितना किया जा रहा इसको लेकर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने मुरमा के डीलर फरेश महतो के दुकान का निरीक्षण किया। प्रज्ञा केंद्र संचालक उत्तम कुमार कुशवाहा एवं डीलर फरेश महतो द्वारा बेहतर समन्वय बनाकर किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए बीडीओ ने कहा कि इस अभियान में यह बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसी तरह सभी डीलरों को प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर बेहतर कार्य करना चाहिए क्योंकि यह आम व्यक्ति के स्वास्थ्य के बीमा संबंधी सरकार की बेहतरीन पहल है। इस कार्ड के माध्यम से गरीब व्यक्ति भी अपना इलाज अच्छे अस्पताल में कराकर नया जीवन पा सकते हैं।

# उपायुक्त के निर्देश पर अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में बालू की नीलामी संपन्न

- 2 लाख 85 हजार में हुई 36 हजार 5 सौ घनफूट बालू की नीलामी
- संवेदक को 10 दिनों के अंदर जमा करना होगा प्रतिभूति की राशि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में अवैध खनन कर भंडारित किए गए जप्त बालू की नीलामी को लेकर अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नीलामी में एएम इंफार्टेक,ग्लोबल इंफ्राटेक व के राज कंटक्सन भाग लिया। जिसमें एएम इंफ्राटेक के राकेश कुमार ने 36 हजार 5 सौ घनफूट बालू की बोली 2 लाख 85 लगाकर खरीदा। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी पूरी प्रक्रिया के तहत की गयी,संवेदक को नीलामी की राशि दस दिनों के अंदर विभाग मे जमा करवाना होगा। मौके पर उपायुक्त द्वारा गठित समिति के सदस्य मौजूद थे।

### उधार सामान नहीं देने पर दुकानदार की पिटाई



**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर में गुरूवार को 11 बजे कुछल्लोगों ने दुकानदार नीरज कुमार सोनी की पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर आक्रोशित व्यवसायियों ने पथ जाम कर अपनी अपनी दुकानें बंद कर दी। भुक्तभोगी के अनुसार कुम्हवा निवासी संदीप सिंह व राजदीप सिंह मेरे दुकान पर आकर उधारी सामान मांग रहा था। सामान नहीं देने पर दोनों ने पिटाई कर दी। इसके बाद वहां से जान बचाकर भागा। इस दौरान दोनों ने दुकान से 25 हजार नकद राशि व गले का चेन लूट लिया। भुक्तभोगी ने थाना प्रभारी से दोनों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इधर पथ जाम व दुकान बंद होने की जानकारी मिलने पर किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह, एएसआई रोबीन कुमार अपने दल बल के साथ किशुनपुर चौक पहुंचे। पथ जाम कर रहे व्यवसायियों को ओरापी पर कारवाई करने का भरोसा दिया तब जाकर किशुनपुर के सभी दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानें खोली। वहीं दुकानदारों ने व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान करने व पिटाई करने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। ताकि व्यवसायी भयमुक्त अपना व्यवसाय कर सकें। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी, समाजसेवी धर्मेंद्र पासवान, पूर्व जिप सदस्य नंद कुमार राम सहित कई लोगों ने आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की है। कहा कि व्यवसायी को सुरक्षा नहीं मिला तो पुनः पथ जाम किया जायेगा।

### मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर कई जगहों से निकला जुलूस



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत सदर थाना क्षेत्र में भीमगड़ा, कौड़िया, पोखराहा, भूसही समेत कई ग्रामीण क्षेत्र से ईद उल मिलादुन्नबी पर इस्लामी झंडे के साथ जुलूस निकाला गया। जुलेसे मोहम्मदी पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर तेलिया बांध बिचला टोला, हवेली टोला, सुजूई टोला कमिटी के द्वारा ने हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस में नात सरीफ पढ़ते हुए इस्लामिक नारा लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस में शामिल लोग तेलियाबांधी, पीपरडीह का भ्रमण कर समापन किया। त्योहार के मौके पर सुबह से ही गांव, मोहल्ले, चौक चौराहों पर रौनक देखी गई। खास कर इस त्यौहार को लेकर बच्चों से बूढ़ों तक में उत्साह देखा गया। त्योहार के मौके पर सुरक्षा बल के जवान भी चाक चौबंद नजर आए। तेलिया बांध में भी जुलूस निकाला गया। सभी लोगों ने देश में अमन, तरक्की, खुशहाली और सभी लोगों को मिलजुल कर रहने के लिए दुआ मांगी। जुलूस में हाफिज अश्फाक आलम, हाफिज नौशाद रजा, मो अली, ताहिर अंसारी, मो कलाम अंसारी, मजलूम अंसारी, आबिद अंसारी, अब्दुल अंसारी, इकबाल अंसारी, हसन अंसारी, इसराईल अंसारी, अख्तर अंसारी, अकबर अंसारी समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का होता है विकास : रो अनुग्रहनारायण शर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** रोटरी स्कूल चैनपुर के छात्र छात्राओं के द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह के जन्म दिवस पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पांडेय एवम उप प्राचार्या रितुल मुस्कान दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्यालय के वरीय शिक्षक गौरी शंकर मिश्र के द्वारा रोटरी परिवार के सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता अभियान के लिए सीबीएसई द्वारा चयनित विद्यालयों में रोटरी स्कूल चैनपुर को भी चयनित कर स्वच्छता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश पत्र के माध्यम से दिया गया था। इस मौके पर प्राचार्य अश्लेश कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। जिसमें छात्र/छात्राओं की संख्या लगभग 300 थीं। सभी बच्चे स्वच्छता से संबंधी तख्ती अपने हाथों मे लिए हुए थे और नारे लगा रहे थे। बीच बीच में स्वच्छता सम्बन्धी उद्घोषणा की जा रही थी। यह अभियान 15सितंबर से 02अक्टूबर तक चलाया जाना है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देश की सबसे बड़ी सेवा अपने परिवेश को साफ रखना और दूसरों को इसके लिए जागरूक करना है। रैली चैनपुर बाजार होते पुरन चंद चौक पर गई। वहां पुरणचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पुनः रैली मुख्य मार्ग होते हुए विद्यालय जाकर समाप्त हुआ। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने अपने सन्देश में कहा कि रोटरी का उद्देश्य ही सेवा है। उसी की कड़ी में स्वच्छता ही सेवा है कार्य के दौरान रैली निकाली गई। इसके लिए बच्चे काफी परिश्रम किए। स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इसके लिए स्वच्छता आवश्यक है। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पांडेय ने कहा कि हमारा विद्यालय 2014 से ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान के नक्शे कदम पर चल रहा है। इस क्रम में शहीद ए आजम भगत सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर हम विद्यालय के छात्र/छात्राओं को ले कर एक जुलूस के माध्यम से जनजागरण का काम करते हैं। क्योंकि जब तक हमारी युवा पीढ़ी जागरूक नहीं होगी, तब तक स्वच्छ भारत अभियान के प्रति हमारा दृष्टिकोण सार्थक नहीं होगा। यदि वह अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं और जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाएं तो अवश्य ही हम अपने देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है तभी हम सफल होंगे। इसके लिए सबसे पहले अपने परिवार, गांव, मोहल्ले और विद्यालय/महाविद्यालय /कार्यस्थल से इसकी शुरूआत करेंगे।

# जश्न ए ईद मिलाद उन नबी पर धूमधाम से निकला जुलूस ए मोहम्मदी

## देखो मेरे नवाब की हालत बच्चा-बच्चा है कुर्बान...

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** इस्लाम के प्रवर्तक पैगंबर हजरत मोहम्मद की जयंती पर जश्न ए ईद मिलाद उन नबी गुरुवार को पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने जिला मुख्यालय में भव्य जुलूस निकाला। जिसमें बच्चे, जवान व बुढ़े सभी शामिल हुए। अंजुमन इस्लामियां के बैनर तले समाज के विभिन्न संगठनों ने जुलूस निकाला।



जुलूस में परचम लहराते लोग।




जुलूस में एसडीपीओ व अंजुमन के लोग।

जुलूस में शामिल लोग दिलदार की आमद मरहबा रसुल की आमद मरहबा, देखो मेरे नवाब की हालत बच्चा-बच्च है कुर्बान, या रसूल या रसूल आदि के गगन भेदी नारे लगा रहे थे। अंजुमन इस्लामिया गुमला के नेतृत्व में निकाले गये जुलूस में बज्मे रब्बानी कमिटी , दावते इस्लामी , राजाये मुस्तफा कमिटी , बजमे हुसैनी कमिटी , जामा मस्जिद कमिटी ,फाइट क्लब , मदरसा कादरिया रिजविया , मदरसा असदकिया गरीब नवाज अरमई , मुस्लिम यूथ क्लब , मदरसा राजाये मुस्तफा, मदरसा इरूलामिया फैज ए आम, नाराये हैदरी कमिटी ने बेहतरीन जुलूस का प्रदर्शन किया। जुलूस में फाइट क्लब के द्वारा गुमबदे खाजरा का आकर्षक झांकी निकाला गया। वहीं जुलूस में शामिल लोग रंग बिरंगे इस्लामी परचम लिए मरहबा या मुस्तफा, सरकार की आमद मरहबा, मुख्तार आ गए मेरे सरकार आ गए जैसे नारे लगा रहे थे। परचम हवा में लहराते हुए लोग हजरत मोहम्मद से अपनी उलफत का इजहार करते हुए नात व सलाम के गुलदस्ते पेश कर रहे थे। विभिन्न संगठनों व संस्थाओं द्वारा लाउॅड स्पीकर के माध्यम से शेअर, नात के माध्यम से हजरत मोहम्मद के गुणों का बखान करते नजर आ रहे थे। जुलूस में लोग अपने हाथों में परचम लिए अपने अपने खेमों में चल रहे थे। जुलूस में शामिल होने के लिए सभी घोल अपने अपने मुहल्लों का भ्रमण करते हुए जामा मस्जिद के समीप जमा हुए। तत्पश्चात जुलूस थाना रोड से आरंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों में घूमी। जुलूस टावर चौक से सिसई रोड, मेन रोड, लोहरदगा रोड होते हुए पुनः जामा मस्जिद पहुंचकर समाप्त हुआ। समाप्ति के पूर्व लोगों ने सामुहिक रूप से हजरत मोहम्मद पर सलाम का नजराना पेश किया। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये थे। सुरक्षा व्यवस्था का नेतृत्व एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने स्वयं संभाल रखी थी। जुलूस में शामिल लोगों मुस्लिम यूथ यूनिटी, बजमे रब्बानी कमिटी व अंजुमन इस्लामिया के जुलूस में शामिल लोगों के बीच शराबत, केला, सेब, मिठाई, सेवई सहित कई प्रकार के मिष्ठान का वितरण किया। वहीं शाम में सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। जुलूस में अंजुमन के सदर मोशाहीद आजमी पम्मु, सचिव मकसुद आलम, नाजिम ए आला खलील अशरफी, आशिरक अंसारी, नप उपाध्यक्ष मो. कलीम अख्तर, मो. लड्डन, मुख्तार आलम, खालिद शाह, मो. मिन्हाजुद्दीन, असलम खान सहित कई लोग शामिल थे।

## असस्लातो वसस्लामो अलैका या रसूल अल्लाह...

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** पैगम्बर-ए-जहां हजरत मोहम्मद साहब (स0अ0) के जन्म दिवस के मुबारक मौके पर गुरुवार को शांति एवं सौहार्द के साथ ईस्लाम धर्मावलंबियों ने जश्न ए ईद मिलाद उन नबी के रूप में मनाया। इस मौके पर अंजुमन ईस्लामिया के तात्वाधान में जुलूस-ए-मोहम्मदी भी निकाली गयी।



जुलूस का नेतृत्व करते अंजुमन के ओहदेदार।



जुलूस में शामिल बच्चे।

इसका नेतृत्व मस्जिदो के आइमा-ए-कराम और अंजुमन ईस्लामिया कमिटी के ओहदेदरान व विभिन्न पंचायतों के सदर व सेक्रेटरी कर रहे थे। हरे रंगों के परचम और खुबसूरत रंग-बिरंगे पताके हाथों में लिये जनसैलाब के रूप में मुस्लिम समुदाय स्थानीय जामा मस्जिद के समीप से होते हुए बड़ा तालाब, बगडू रोड़, तैगी नगर, अमला टोली, सोमवार बाजार, पावरगंज, बाबा मठ, न्यू रोड, महात्मा गांधी पथ, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, तेतर तर, थाना रोड समेत विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए पुनः जामा मस्जिद के पास पहुंचे। जहां दुरूद व सलाम के बाद जिला समेत देश में शांति, सौहार्द एवं समृद्धि के लिए दुआओं के साथ जुलूस का समापन हुआ। इस दौरान असस्लातो वसस्लामो अलैका या रसूल अल्लाह जैसे नारों से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा। विभिन्न चौक-चौराहों पर जुलूस का स्वागत भी किया गया। जुलूस में अंजुमन ईस्लामिया के सदर हाजी मो अफसर कुरैशी, सचिव सफदर आलम, सह सचिव मोजम्मिल अंसारी, अंजुमन ईस्लामिया जेनरल काउंनसिल के नाजीम अब्दुल जब्बार, पूर्व सदर सैयद खालिद शाह, पूर्व सचिव मो इकबाल, शाहिद अहमद बेलू, शमशेर खान, मो मनव्वर, मो मोशव्वीर, हाजी व कारी शाहीद साहब, परवेज आलम, मौलाना रेयाजउद्दीन, कारी कलिमुल्ला, मुतूर्जा खलीफा, पूर्व नप उपाध्यक्ष रउफ अंसारी, मो इम्तेयाज खान, मो टुन्ना, इब्राहिम अशरफी, अंजुमन के पूर्व सचिव मो फिरोज राही, हाशिम सुलेमानी, हिफजुर्रहमान कमाली, शकिल खान, हाजी शकिल अहमद, जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शमीम अहमद रिजवी, कुरैशी मस्जिद के इमाम मौलाना अशदक के अलावा विभिन्न मदरसों के नाजिम आदि के अलावे बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। जुलूसे ए मोहम्मदी में शामिल हजरत मोहम्मद के दीवानों को शर्बत, फल, खजूर आदि से स्वागत किया गया। जश्न-ए-ईद मिलादुन नबी के जूलूस को लेकर जिले के पुलिस-प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। हर चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा के जवान तैनात किए गए थे। किसी भी अनहोनी को ले स्वयं उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां स्वयं मॉनीटरिंग कर रहे थे। एसडीओ अरविंद कुमार लाल, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद आदि लगातार पेट्रोलिंग करते नजर आए।

## स्पीड न्यूज

### वज्रपात की चपेट में आने से पिता-पुत्र झुलसे

**गुमला।** तेज बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आने से गुरूवार की शाम सिसई प्रखंड के असरो पच्चु टोली निवासी पिता 40 वर्षीय बलदेव साहु व पुत्र 15 वर्षीय रोशन साहु झुलस गये। उन्हें इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कुंआ में डूबने से ग्रामीण की मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के तारागुटु अंबाटोली निवासी 47 वर्षीय बिरसू उरांव की कुआं में डूबने से मौत हो गई है। इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई। थाना से एएसआई रवि उरांव घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर थाना ले आये।

### कैरो में मारपीट को लेकर मामला दर्ज

**कैरो।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे गांव में मारपीट को ले दो लोगों पर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई है। मारपीट में रोहित के सिर में चोटें आई है। जिसके बाद रोहित गोप द्वारा कैरो थाना पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### बारिश से सब्जी की खेती व घरों को हुआ नुकसान

**कैरो।** तेज आंधी पानी से अब खेती को नुकसान होने लगा है। टमाटर, कद्दू, टमाटर, धनिया सहित कई फसल में पानी के जमाव होने से सड़ने लगा है। इधर बारिश के कहर से खरता में पांडे उरांव, रिपुसूदन तिवारी, मनिया उरांव इत्यादि का कच्चा मकान गिर गया है।

### शहीद भगत सिंह की जयंती मनायी गयी

**घाघरा।** चिल्ड्रेन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल रन्हे विद्यालय परिवार के द्वारा गुरूवार को भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी भगत सिंह की जयंती मनाई गई।

## सांसद सुदर्शन भगत ने सेन्हा में तीन सड़कों का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत द्वारा सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, श्रीचंद प्रजापति पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष सहित अन्य शामिल थे।

सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पीएमजीएसवाई-3 , बैच -2 मद से स्वीकृत पाठ जोगना मोड़ से गगेया तक पथ की लंबाई (8.05 किलोमीटर), सेरंगहातु से पीडब्ल्यूडी रोड बक्सीडिपा तक पथ (लम्बाई-5ः 20किमी), और स्वीकृत पथ पीडब्ल्यूडी रोड बरही से कोराम्बे भाया जामुनडिपा, गगेया,घाटा तक पथ की लम्बाई 13.00 किमी सड़क का शिलान्यास किया गया है।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद ने संबोधन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना का उद्देश्य गरीबों के उत्थान, पहुंच ,कृषक के उपज को उचित स्थल तक पहुंचाने के लिए किया था।आज देश के प्रधानमंत्री मोदीजी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए तत्तपरता से योजनाओं में दुगनी तिगनी राशि बढ़ोतरी कर नवनिर्माण और सुदृढ़ीकरण कर रहे है। हमारे क्षेत्रों में लगातार पीएमजीएसवाई सड़कें बन रही है बहुत से और भी सड़कें जिसका राशि राज्य को मिल गया है।वह तकनीकी कारणों से राज्य में फसा है।सरकार से भी आग्रह की प्राथमिकता से और भी सड़कें जिनकी प्रक्रिया अधूरी पूरी कर ग्रामीणों की मांग को पूरा कर हम सहयोग करें। मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, बालकृष्णा सिंह, हर्षनाथ साहू, पशुपति नाथ पारस, प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुमार साहू मंडल महामंत्री रजनीश सिंह, दिनेश साहू प्रखंड उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, मनीरतन उरांव, महावीर साहू, नरेश महतो, अरु पंचायत संयोजक रतन साहू सहसंयोजक संतोष राम, योद्धो साहू,अशोक साहू अमित गोप,आनंद साहू ,संजय साहू ,राम नंदन साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोहरदगा में 14 साल बाद गोगिया सरकार के जादू का कमाल

**लोहरदगा।** सामाजिक उत्थान एवं समाज में फैले अनेकों प्रकार की कुरीतियों को वैज्ञानिक ढंग से दूर करने का एक सफल प्रयास जादू कला के माध्यम से किया जाता है जादू सभी प्रकार के कलाओं का मिश्रण है उपरोक्त बातें भारतीय जादू अवार्ड के विजेता गोगिया सरकार ने 28 सितंबर को नगर भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कही। बताते चले की जादूगर गोगिया सरकार 2003 और 2007 के बाद 14 सालो के अंतराल के बाद लोहरदगा में अपने जादू का कमाल दिखाने जा रहे है। इसका उद्घाटन गुरुवार की शाम डीडीसी जय ज्योति सामंथा द्वारा किया गया।

## एक नजर में

### मिलाद उन नबी पर जारी में निकाला गया भव्य जुलूस



**जारी।** जारी प्रखंड में गुरुवार को बहुत ही शानो शौकत से जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकला गया। इस दौरान मुस्लिम भाइयों के द्वारे अपने-अपने हाथों पर हरे रंग बिरंगे इस्लामी परचम लहराया गया। जुलूस में शामिल लोग सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा का नारा लगाये। जुलूस गोबिंदपुर से होकर तिगरा व कमालपुर में जाकर समापत हुआ। मौके पर जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार अपने दल बल के साथ मौजूद रहे। वहीं सदर जियारुल अंसारी, सचिव जाकिर खान, अरशद अंसारी वसीम कलर आदि जुलूस में शामिल थे।

### भरनो में निकाला भव्य जुलूस



**भरनो।** हजरत मोहम्मद साहब की जयंती पर भरनो में ईद मिलादुन्नबी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों ने इस्लामी परचम लहराया और जमकर नारे बाजी की। जुलूस के दौरान भाईचारगी और एकता प्रस्तुत किया गया। जुलूस के दौरान इंस्पेक्टर श्यामनंद सिंह मंडल,भरनो थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी का परसा अंजुमन के द्वारा पगड़ी पोशी किया गया। जुलूस में मीर आरिफ ,साबिर फरास,अफरोज खान,शेख रैफूल,मीर तबरेज, जाबू फरास, मीर अनवर,मीर राजू,मीर इमरान,गुलफान खान,चंगेज खान, सफील फरास, गुलशाद खान,मीर आबिद,मीर सजीद, मीर आशिक, इनायत कोटवार, नबी फरास, कुर्बान मियां, नदीम अख़्तर,अरसद अंसारी, एसान अंसारी, काजू चौधरी,महताब चौधरी,भोला आलम समेत हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मवलंबि के लोग शामिल थे।

### भंडरा में जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन



**भंडरा।** पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलेही वसल्लम के अहमद के जन्म के अवसर पर भंडरा में मोहम्मद के अनुयायियों द्वारा जुलूस निकाली गई. जुलूस में पैगंबर के आमद को एक नेक दिन बताया गया और पैगंबर की शान में नारेबाजी की गई. विधि व्यवस्था को लेकर सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा,थाना प्रभारी गौतम कुमार,मुख्य रूप से उपस्थित थे. गांव गांव में एवं चौक चौराहा में दंडाधिकारी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे । जुलूस का आयोजन भडरा कमेटी के द्वारा किया गया था. जुलूस में भंडरा, उदरंगी ,भैयागांव, भौरों नदी टोली, सोरंदा, बलसोता, बांध टोली,पल्मी,सरनाटोली के लोग सामिल हुए। जुलुस नवडीहा चौक से शुरू होकर छोटी मस्जिद तक गई, यहां कुरानखानी की गई । जुलूस में बच्चे सभी लोग शामिल थे।

### कैरो में पाक मौके पर निकला जुलूस



**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत के गराडीह में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शान से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। मौके पर सदर नेसार खान सेक्रेटरी नसीम अंसारी ने बताया कि अंजुमन ए इस्लामिया गराडीह की ओर से जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल होने वाले तमाम दीवाने मुस्तफा के गुलामों के लिए वर्षों से जुलूस निकालते हैं। बता दें कि कैरो प्रखंड क्षेत्र के नरौली पंचागाई अम्बवा नगजुआ चरीमा आदि समेत अन्य गांवों से अहले सुबह 7:00 बजे से जुलूस ए मोहम्मदी काफी शांतिपूर्ण एवं धूमधाम के साथ निकालकर गली कूची में हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाला गया एवं ईद मिलादुन्नबी त्योहार की मुबारकबाद दी गई।

### मिलाद उन नबी आपसी भाईचारे का संदेश देता है : ऐनुल अंसारी



**कुडू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चीरी में मोहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि व सल्लम की पैदाइश के खुशी में बारह रबीउल अव्वल के मौके पर बड़ी धूम धाम व अदबो एहतराम के साथ शांति पूर्ण तरीके से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस ए मोहम्मदी में इस्लामिक परचम लिए हुए पैगंबर मोहम्मद के शान में जुलूस में हुजूर की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा, रसूल की आमद मरहबा की नारा सदाए बुलंद की गई। जुलूस चीरी बरवाटोली,चीरी सरना टोली, चीरी नवाटोली,होते हुए पुन अपने अपने मस्जिदों में फातिहा ख्वानी व हिंदुस्तान की तरक्की व अमन चैन सुख शांति के लिए दुआ की गई उसके बाद जुलूस संपन्न हुई। इस मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी में उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, ए एस आई शुकु सोरेन, हाफिज अब्दुल रहमान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे।

### एक ही समुदाय के दो ग्रुप आपस में भिड़े, प्रशासन ने करायी सुलह



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरपोका गांव में ईद उल मिलादुनबी के जुलूस निकले जाने के क्रम में एक ही समुदाय के दो ग्रुप आपस में उलझ गए। इस क्रम में दोनों पक्ष से धक्का मुकी एवं मारपीट हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्ष के द्वारा तलवार, लाठी निकालने की भी बात कही जा रही है। मौके पर दंडाधिकारी मनोज कुमार एवं पुलिस बल के द्वारा एवं स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों पक्ष को विवाद से हटाया गया। जिसके कारण तेतरपोका गांव का ईद उल मिलादुनावी का जुलूस स्थगित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद डी एस पी परमेश्वर प्रसाद, वीडियो रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता,थाना प्रभारी गोतम कुमार , जे एम एम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। दोनों पक्ष से बात कर दोनों पक्ष का बैठक करा कर बिबाद का सुलह कराया गया।

### भाकपा माले रेड स्टार ने मनायी शहीद भगत सिंह की जयंती

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल गुमला के संयुक्त तत्वाधान में जन सम्मेलन आयोजित कर शहीद भगत सिंह की जयंती पार्टी नेता प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में मनायी। जन सम्मेलन का उदघाटन करते हुए भाकपा (माले) रेड स्टार के पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड शंकर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बांटो और राज करो की नीति अपनाकर अपनी विफलता को छुपाने में लगी है।

### बाइक शो रूम का हुआ उद्घाटन

**घाघरा।** घाघरा के चांदनी चौक स्थित संगम बैंकट हॉल परिसर में बजाज बाइक शोरूम का उदघाटन गुरुवार को हुआ। इसका शुभारंभ जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी, भाजपा नेता अशोक उरांव, थाना एसआई टेकलाल महतो ,पूर्व उपप्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा, अनिरुद्ध चौबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

### वीमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की वार्षिक आमसभा संपन्न

**घाघरा।** वीमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का दूसरा वार्षिक आमसभा गुरुवार को सिया धर्मशाला में घाघरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड कृषि विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर सावन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। घाघरा एफपीओ बोर्ड के डायरेक्टर कुंती देवी ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कृषि विभाग झारखंड के असिस्टेंट डायरेक्टर सावन कुमार ने उत्पादक कंपनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपकी कार्य काफी सराहनीय है।

### गुमला में पेयजल की समस्या पर जतायी चिंता

**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने शहर में पेयजल की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा है कि अनियमित जलापूर्ति से तो जनता ऐसे ही परेशान है। लेकिन अब सप्लाई होने वाली दूषित पानी ने और समस्या बढ़ा दी है। शहरवासियों को दूषित पानी पीना पड़ रहा है। उन्होंने डीसी और पीएचडी से मांग की है कि इस दिशा में सकारात्मक पहल की जाये।

### स्वामीनाथन के निधन पर शोक की लहर

**गुमला।** हरित क्रांति के जनक डा. एसएम स्वामीनाथन के निधन से जिले में शोक की लहर है। कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरूद्ध चौबे ने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन ने गुमला जिले का दो दिवसीय दौरा किया था। दौरे के क्रम में डॉ. स्वामीनाथन ने कहा था कि उन्हें गुमला जिले के दो चीज बहुत पसंद आये। जिसमें बड़े-बड़े सखुआ के पेड़ व आदिवासी बच्चों की मुस्कान।

### मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने शरत कुमार विद्यार्थी

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मां अंबे दुर्गा पूजा समिति की बैठक शंभू सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें इस वर्ष धूमधाम व भव्य रूप से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, महासचिव शंभू सोनी, कोषाध्यक्ष बजरंग प्रसाद, सह सचिव रिंकू प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष राज साहू, उपाध्यक्ष रवि प्रजापति, पप्पू गुप्ता, संदीप लोहरा, पूजा प्रभारी भोला प्रसाद बनाये गये।

## नदी में नहाने गये चार बच्चों में एक पानी के तेज बहाव में बहा

**चैनपुर।** चैनपुर थाना मुख्यालय के प्रेमनगर निवासी जगेश्वर रौतिया का 9 वर्षीय पुत्र अभिनय रौतिया बुधवार को अपराह्न 2.30 बजे अपने सहपाठियों के संग शंख नदी नहाने गया था। नहाने के दौरान पानी का तेज बहाव में वह बह गया। ग्रामीणों द्वारा बचाव कार्य में लगने के बावजूद सफलता अर्जित नहीं हुई। गुरुवार की सुबह एनडीआरएफ के 15 सदस्य टीम घटनास्थल पर पहुंचकर नदी में बहे बच्चे की खोज में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार चार दोस्त नहाने के लिए नदी में गये हुए थे, जिसमें एक 9 वर्षीय बच्चा अभिनव रौतिया पानी के गहरे बहाव में चला गया। उसके दोस्त उसे डूबता देख उसे बचाने की कोशिश की, परंतु नाकामयाब रहे। अभिवन गहराई में चला गया। इसके बाद बच्चों ने बहुत हिम्मत जुटाकर उसके माता पिता को लगभग 6 बजे शाम को ये बात बतायी। इसके बाद सभी ग्रामीण मिलकर शंख नदी पहुंचे और बच्चे की खूब तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक पहल पर एनडीआरएफ की टीम पहुंचकर आज बचाव कार्य में जुट गयी। देर शाम तक सफलता अर्जित नहीं हुई है।

## एआइ विषय पर पत्र वाचन में अन्वेषा मुखर्जी स्टेट टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में कक्षा नवम की छात्रा अन्वेषा मुखर्जी ने हजारीबाग में विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय गणित एवं विज्ञान मेला में गुमला का प्रतिनिधित्व करते हुए किशोर वर्ग में विज्ञान पत्र वाचन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) विषय पर में पूरे प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उसने क्षेत्र स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्रता हासिल कर ली। प्रतियोगिता में भाग लेने साथ गए मार्गदर्शन आचार्य श्यामसुंदर कुमार ने बताया कि छात्रा ने प्रतियोगिता में अपनी शानदार प्रस्तुति दी और निर्णायक मंडली की प्रशंसाप्रशंसा भी बटोरी। उसने निर्णायक मंडली के सभी प्रश्नों का भी उत्तर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने बताया कि अन्वेषा ने विभाग स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मानवाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उसने विद्यालय के साथ-साथ पूरे गुमला विभाग का भी प्रांत स्तर पर मान बढ़ाया है। उसकी सफलता पर विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, शशिधर लाल अग्रवाल, अजय प्रसाद, विनोद राय, अश्विनी कुमार, कृष्णा प्रसाद, डॉ शशि गुप्ता, शीला अग्रवाल, शोभा देवी, जीतराम बड़ाइक, पुष्कर महतो, प्रदीप कुमार और विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मी भी शामिल है। इधर

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12वीं विज्ञान की छात्रा शशि कच्छप ने तरुण वर्ग में विज्ञान पत्र वाचन में फ्यूचर आफ नैनोटेक्नोलॉजी विषय पर अपना पत्र प्रस्तुत करते हुए उसने पूरे प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## अंडर 17 बालिका वर्ग सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल में गुमला की टीम विजयी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** 62 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूनामेंट अंडर 17 बालिकाओं का दिल्ली में खेला गया। जिसमें संत पत्रिका स्कूल गुमला की टीम ने हरियाणा को 3-0 से पराजित कर जिले का गौरव बढ़ाया। अंडर 17 बालिका वर्ग में खिताब जीतने पर गुमला जिला में खुशी की लहर दौड़ गई है। लोग विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई दे रहे हैं। उन्हें स्कूल के प्राचार्य फादर रामू विंसेंट मिंज, जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष रॉबर्ट टोप्पो, सचिव सागर उरांव, कोषाध्यक्ष प्रदीप राम, राष्ट्रीय रेफरी मनोज कुमार, जॉन वेसल्री मिंज, खेल संयोजक अमित एक्का, रिजवान अली, बीरेंद्र उरांव आदि ने बधाई दी है।

## श्रद्धा के साथ मनाया गया अनंत चतुर्दशी का पर्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** गुमला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अन्नत चतुर्दशी पर्व गुरुवार को श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। गुमला जिला मुख्यालय के रौनियार मंदिर, शक्ति मंदिर, घाटो बगीचा स्थित महावीर मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था और विश्वास के साथ अन्नत व्रत की पूजा कर भक्तों द्वारा बांह में चौदह गांठ का पवित्र धागा बांधकर अपने सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।

अनन्त व्रत में भक्त भगवान विष्णु की पूजा करते हैं और भगवान विष्णु के अनन्त देव रूप की कथा का श्रवण करते हैं। पुरोहित के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान अनन्त की पूजा धूप दीप नैवेद्य से की गई और क्षीर समुद्र का मंथन कर अनन्त देव की खोज की। श्रद्धालुओं ने दिन भर उपवास रखा। पुरोहितों ने कहा कि अनन्त देव की पूजा से सुख शांति व समृद्धि की प्राप्ति होती है। घरों पर भी अन्नत देव की पूजा भक्ति भाव के साथ की गई। वहीं जिले के चैनपुर, डुमरी, घाघरा, पालकोट, बसिया, कामडारा, सिसई , भरनो आदि प्रखंडों में भी आंनत चतुर्दशी पर्व धूमधाम से मनाया गया।

### घाघरा में भी धूमधाम से हुई अनंत चतुर्दशी की पूजा

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न गांवो में गुरुवार को अनंत चतुर्दशी पूजा धूमधाम से मनाया गया। वहीं ब्राह्मणो द्वारा अनंत चतुर्दशी की पूजा विधि विधान के साथ करायी गई। ब्राह्मणो ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पूजा हर साल भादो माह के शुक्ल पक्ष में चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। दरसल इस दिन 10 दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव का समापन भी होता है। उक्त दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। अनंत चतुर्दशी में 14 गांठ वाला सूत्र कलाई पर बांधा जाता है।

## स्पीड न्यूज

### दुर्गा पूजा कमिटी का हुआ गठन


बैठक में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा ग्राम में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों की एक बैठक बजार टांड स्थित शिव मंदिर परिसर में हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मिलने का निर्णय लिया गया। इसके सफल संचालन के लिए सर्वसमिति से एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रंजीत यादव, सचिव ईश्वर लाल, कोषाध्यक्ष रिशु गुप्ता, उपाध्यक्ष बालकेश यादव, कुलदीप यादव, उप-सचिव हरिहर यादव, राजकुमार गुप्ता, संयोजक संजय यादव, सहसंयोजक प्रदीप गुप्ता, संरक्षण मंडली में देवनारायण पांडे, चंद्र मोहन यादव, प्रेम यादव, कुलदीप यादव, विजय यादव, सुनील राणा ,सुरेंद्र उरांव, तेजू उराँव, किशन यादव, मनोज यादव, उदय गंझु, नंदकिशोर यादव, महेंद्र यादव, उमेश उरांव, केदार प्रसाद गुप्ता को चुना गया।

### सड़क की मरम्मति कार्य शुरू


सड़क का हो रहा मरम्मति।

**बालूमाथ।** जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी के पहल पर गुरुवार को बालूमाथ पांकी सड़क की मरम्मति कार्य शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों की लगातार शिकायत मिल रही थी कि बालूमाथ पांकी मुख्य मार्ग पर बड़े बड़े गढ़े हो जाने से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा आये दिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। जिसके बाद आरसीडी के कनीय अभियंता अरविंद कुमार एवं उमेश कुमार से बात किया तथा टूटे सड़क की जल्द मरम्मती करने की मांग की। जिसके बाद रास्ते मे बने गड्ढे का मरमति कार्य शुरू किया गया है। आगे उन्होंने कहा कि विकास कार्य मे कोताही कदापि बर्दास्त नही की जाएगी। ज्ञात हो कि 125 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया बालूमाथ पांकी मुख्य पथ लगभग तीन वर्षों में ही गड्ढे में तब्दील हो गया था। जिससे सड़क दुर्घटना में बृद्धि हुई थी।

### गांधी इंटर महाविद्यालय 11 वीं कक्षा में नामांकन जारी

**लातेहार।** गांधी इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य दशरथ साहू ने बताया कि महाविद्यालय में कक्षा 11वीं में नामांकन जारी है। मैट्रिक वार्षिक एवं संपूरक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी नामांकन कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि कक्षा 11वी एवं 12वीं की कक्षाएं नियमित रूप से चल रही है। जिसमें विद्यार्थियों की 75% उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि आदिवासी, हरिजन एवं पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति हेतु जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाना जरूरी है। ताकि ससमय छात्रवृत्ति के लिए फॉर्म भरा जा सके। वही छात्राओं के लिए सावित्रीबाई फुले एवं किशोरी समृद्धि योजना का आवेदन प्रपत्र भी भरा जा रहा है। महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों से अपिल किया है कि जल्द से जल्द अपनी-अपनी नामांकन ससमय कर लें।

### खेल में करियर की असीम संभावनाएं है: प्रकाश राम


उद्घाटन करते पूर्व विधायक प्रकाश राम।

**लातेहार।** जिले के मासियातु गांव में आजाद क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन गुरुवार को पूर्व विधायक प्रकाश राम ने फीता काटकर और किक मारकर किया। उदघाटन के मौके पर पूर्व विधायक प्रकाश सामने कहा कि वर्तमान समय में खेल में भी करियर का अपार संभावना है। खेलो इंडिया के तहत कई आयोजन भी आयोजित किये जा रहे है। खेल से शारीरिक दक्षता एवं आपसी भाईचारगी भी बढ़ती है। खेल हमें अनुशासन सिखाता है जो हमारे दैनिक जीवन मे काफी लाभदायक है। उद्घाटन मैच सुपर सोनाली क्लब बरियातू और सरना क्लब गनियारी चंदवा के बीच खेला गया। मैदानी मुकाबला ड्रा रहा। जिसके बाद पेनाल्टी शूट-आउट में बरियातू ने चंदवा को 1-0 से हरा कर अगले चक्र में प्रवेश किया। टूनामेंट में 32 टीमें भाग ले रही है। मौके पर राजकुमार पाठक, शैलेश सिंह, अब्दुल कबीर,मुखिया पति प्रकाश गंझू, उदय नाथ यादव, राजेंद्र उराँव, अब्दुल रहीश, मो. नौशाद, लालजी उरांव, अशोक साव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### दुगार्पूजा समिति की बैठक संपन्न

**चंदवा।** सरोज नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा समिति की बैठक बुधवार को प्रेम शंकर भगत की अध्यक्षता मे सम्पन हुई। बैठक में गांव में दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया साथ हीं सर्वसम्मति से पुरानी कमिटी को यथवत रखने पर सहमति बनी। इसके बाद पूजा को सफल बनाने के लिए सदस्यों की भागीदारी सौपी गई। सभी सदस्यों द्वारा तन मन और धन से पूजा को और भी भव्य बनाने का संकल्प लिया गया। पुनः रंजीत गुप्ता उर्फ छोटे गुप्ता को अध्यक्ष व मनोज सिंह को सचिव बनाया गया। मौके पर राजेश पाण्डेय, जयकिशोर साहू, भोला साहू, अमोद प्रसाद, अनिल सिंह, मनु गुप्ता, विवेक गुप्ता, मोहिनीश कुमार, जयेश वरु समेत समिति के कई सदस्य मौजूद थे।

## हाल सर्वे में हुई त्रुटि में सुधार के बाद हीं होगा एनएच फोरलेन के लिए जमीन देने पर बात : ग्रामीण

# प्रस्तावित फोरलेन से प्रभावित हो रहे कई गांव, ग्रामीणों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण से प्रभावित हो रहे रूद, लटदाग, नवाड़ी के ग्रामीण ने ग्राम सभा किया। जिसकी अध्यक्षता चेटर पंसस शंकर गंझू ने किया। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने हाल सर्वे में हुयी जमीनी संबंधित त्रुटियों, मुआवजा आदि मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा किया व गोलबन्ध होते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जबतक जमीन संबंधी त्रुटियों में सुधार व उचित मुआवजा का निर्धारण नही हो जाता प्रभावित हो रहे रैयत किसी भी किम्मत पर जमीन नहीं देंगे। पंसस श्री गंझू ने कहा कि बगैर रैयत को कोइ सूचना दिए जबरदस्ती जमीन की मापी कर दी गई है। इसके बाद या पूर्व में कोइ आम सभा आयोजित नहीं की गई और आज एनएचएआई तुगलकी फरमान जारी कर के हमें जमीन का दस्तावेज को जमा करने का आदेश दे रहा है। यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने एक स्वर मे कहा कि सबसे पहले ग्रामीणों की जमीन के दस्तावेज जिसमें हाल और वर्तमान खतीयान में त्रुटियां की वजह से अभी तक ऑनलाइन रसीद नहीं कटा है। प्रशासन पहले उसे दुरुस्त करे, फिर विस्थापित हो रहे रैयतों को क्या मुआवजा मिलेगा उससे सबंधित बात सीधे रैयत से करे, घर, पेड़-पौधे और जलाशय की क्षति-पूर्ति आदि बातों को पूरी तरह से साफ करे तभी हम लोग बात करेंगे। इसके बाद सर्वसम्मती यह निर्णय लिया गया कि 29 सितंबर को भू अर्जन के द्वारा जमीन के दस्तावेज जमा करने हेतु बैठक आयोजित की गई है, उसका ग्रामीण बहिष्कार करेंगे। अपनी समस्याओं को लेकर ग्रामीण अपने स्तर से बैठक परहीया टोला अखडा में करेंगे। मौके पर रामयश पाठक, राजेश प्रसाद, संदीप प्रसाद, सोनू प्रसाद, छेदी गंझू, जॉनसन बोदरा ,नवीन बारला, मनसूख कनडलुना, शशि भूषण यादव समेत सैकड़ों रैयत उपस्थित थे।


ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीण।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बारह रबी उल अव्वल, जुलूस-ए-मोहम्मदी में उमड़े अकीदतमंद


बारह रवि उल अव्वल मनाते अकीदतमंद।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के बाजार और मुर्गापट्टी समेत प्रखण्ड के पोखरी कला, कुचिला, छेंचा और छिपादोहर इत्यादि क्षेत्रों में गुरुवार को बारह रबी उल अव्वल पूरे हर्षोल्लास व अकीदत के साथ मनाया गया। इसमें गांव के बूढ़े, बच्चे और नवजवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बरवाडीह बाजार और मुर्गा पट्टी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे दाउदनगर के हजरत जया अहमद कादरी के शहजादे सैयद साबिद कादरी और भांजे शानू रहमान कादरी को बरवाडीह इंतजामिया अमन कमेटी के द्वारा माला और बुके भेंटकर स्वागत किया गया। वहीं अतिथियों ने भी कमेटी के लोगों और पत्रकारों का स्वागत बुके भेंटकर किया। जहां अतिथियों ने बताया कि आज ही के दिन हमारे नबी सल्लाहो वालाहेवासल्लम इस दुनिया में तशरीफ लाये। इसलिए हम सारे मोमिन इस दिन को बड़े ही शिद्दत से मनाते हैं, और लोग हर जगह फातिहा ख्वानी भी करते हैं। उधर सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरवाडीह पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय, सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह पूरे दल-बल के साथ सुरक्षा- व्यवस्था को लेकर मुस्तैद थे। कार्यक्रम में अख्तर खान, मौलाना खुस्तार जमी, हाफिज इंतेशाम, हाफिज रहमत अली, हाजी नासिर खान, इस्माइल अंसारी, मजहर हुसैन, शौकत खलीफा, साजिद अली, इम्तियाज अहमद, आबिद हुसैन, साबिर हुसैन, हामिद अंसारी, टिंकू खान, वसीम, नजाम खान, बंटी खान, पिंटू खान, रिजवान और गोल्डन समेत हजारों किस संख्या में अकीदतमंद उपस्थित थे।

## अंबेडकर विचार मंच और विद्यार्थी परिषद ने मनाई वीर शहीद भगत सिंह की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय मैन रोड स्थित भगत सिंह चौक स्थित स्थापित वीर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थल पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के द्वारा गुरुवार को भगत सिंह की जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई के द्वारा नगर मंत्री सागर कुमार के नेतृत्व में भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भगत सिंह को याद किया गया। इस दौरान उनके भगत सिंह की शहादत को देश की आजादी के लिए अहम योगदान बताया। मौके पर विद्यार्थी परिषद के पूर्णकालिक अतुल कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष फिरोज अहमद, नगर उपाध्यक्ष अमित कुमार, पूर्व नगर मंत्री जितेंद्र कुमार सिन्हा, रंजीत कुमार, देव प्रकाश कुमार, प्रभात कुमार और रूपेश कुमार यादव समेत कई लोग शामिल थे। वहीं दूसरी ओर प्रखंड के अंबेडकर विचार मंच के द्वारा भी वीर भगत सिंह की जयंती समारोह भगत सिंह चौक पर मनाई गई। जहां अंबेडकर विचार मंच के मुख्य संरक्षक बिरजू राम और रविंद्र राम समेत अन्य लोगों के द्वारा भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वहीं इसके साथ अंबेडकर विचार मंच के मौजूद लोगों के द्वारा 2 मिनट का मौन धारण करते हुए भगत सिंह की शहादत को नमन भी किया गया। जहां मौके पर मौजूद अंबेडकर विचार मंच के मुख्य संरक्षक बिरजू राम ने कहा कि भगत सिंह ने देश की आजादी की लड़ाई में शहादत देते हुए देश की आजादी की लड़ाई को और मजबूत बनाने का काम किया था। जहां उनकी शहादत से प्रेरणा लेते हुए हजारों युवाओं ने भी आगे बढ़कर अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद करने में क्रांतिकारी योगदान निभाया था। आज भी हम सभी उनके बलिदान और त्याग के ऋणी है। मौके पर शिक्षक नंदकिशोर राय, तस्लीम खान, विष्णु प्रसाद, अवधेश मेहरा, कमलेश सिंह, अनिल राम, सूरज कुमार, श्रीराम, लकी सिंह और धीरज कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।


जयंती मनाते अंबेडकर विचार मंच के लोग।

## एक नजर में

### जश्ने-ए-ईद-मिलादुन्नबी पर चंदवा में निकली जुलूस


जुलूस में शामिल लोग।

**चंदवा।** जश्ने-ए-ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर गुरुवार को शुक्रबजार, कामता, बेलवाही, परसाही से मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा जुलूस निकाला गया। जुलूस कामता चेकनाका, हरैया मोड़, सुभाष चौक, मुख्य शहर, थाना, इंदिरा गांधी चौक होते हुए बस स्टैंड पहुंची, यहां मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया, इसका आगाज मौलाना मोहम्मद ज्याउल रिजवी ने कुर्आन पाक की तेलावत ए कलाम से की।हाफिज शेर मोहम्मद, मोलाना अताउल रहमान, मुफ्ती अब्दुल मन्नान कलामी, हाफिज वसीम मिस्बाही, मोहम्मद इजहारूल बारी नईमी ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने अपनी शिक्षाओं में परस्पर प्रेम, गरीबों की मदद को प्रमुखता दी है। उनकी सीख को जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कुरान शरीफ के माध्यम से प्रत्येक मुसलमान के लिए नमाज, रोजा, जकात और हज जैसे कार्य को अनिवार्य किया है। अंत में फात्हा पढ़कर, मुल्क की हिफाजत तरक्की और सभी की हिफाजत की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर मोहम्मद इजहारूल बारी नईमी, शुक्रबजार सदर असगर खान, ग्यास खान, अयुब खान, सदीक अंसारी, बाबर खान, रौशन टेलर, रमजान साई चिष्ती, रियाज टेलर, सफीक मियां, सरफुद्दीन राईन, अफरोज आलम सहित बड़ी संख्या मुस्लिम समुदाय के लोगों शामिल थे।

### धूमधाम के साथ मना पैगंबर साहब का जन्म दिन


जुलूस में शामिल लोग।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिन पुरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरजू, पतरातु एवं रोल के सैकडों इस्लाम धर्मावलंबियों के द्वारा जश्ने ईद मिलादुन नबी का जुलुस निकाला गया। जगह-जगह इस्लाम धर्मावलंबियों के द्वारा लंगर बांटी गई। साथ ही पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिन के अवसर पर मस्जिदों में मिलादे खाना का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मदरशा के बच्चों और नवजवान एवं बुजुर्गो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर इजराईल खलीफा, मो. अब्दुल कुदुश, मोहम्मद खलीफा, मो. शौकत अली, खादीम रसुल, साबिर अंसारी, सुलेमान अंसारी, गुड्डू अंसारी,मो अफजल, असगर हुसैन, शादीक खां, जाबीर शाह, मो सोनू, मुस्ताक खलीफा, मो इबरार, मो मोजीब,मो मोजफर, मुस्लिम अंसारी, सेराज अंसारी, अजीज अंसारी, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मनिका प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पैगंबर हजरत मोहम्मद की जयंती



जुलूस व शामिल लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर दिन गुरुवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं इस पर्व को लेकर मिंजानिब अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के द्वारा नामुदाग, बांड़ी, करमाही, रेवद, भटको, बरवाडीह, नहिरा, दूंदू, समेत विभिन्न गांव से भव्य जुलूस निकाला गया जहां जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं विभिन्न गांव से आए हुए सभी जुलूस राजकीय बालक मध्य विद्यालय मनिका के खेल मैदान में पहुंची जहां से सभी जुलूस कतारबद्ध होकर राष्ट्रीय मार्ग 39 से होते हुए उच्च विद्यालय मनिका के खेल मैदान में पहुंची जहां सलाम अदा के बाद जुलूस का समापन किया गया। वहीं इस पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल बना रहा लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर पैगंबर हजरत मोहम्मद की जयंती पर बधाई दिया। वहीं इस त्यौहार में शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी। मौके पर प्रखंड सदर डॉक्टर कौनेन अंसारी, प्रखंड सचिव अख्तर अंसारी, तस्लीम अंसारी, अकबर अंसारी, कौशल अंसारी, हैदर अली, गुलाम हुसैन, इमरान अंसारी, वहाब अंसारी, उस्मान अंसारी, गफार अंसारी, इम्तियाज अंसारी, नजीर अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बरवाडीह में मनाई गई अनंत चतुर्दशी, घरों और मंदिरों में हुई पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरवाडीह।** प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से गुरुवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया गया।जहां प्रत्येक वर्ष गणेश विसर्जन के बाद आयोजित होने वाली अनंत चतुर्दशी को लेकर घरों के साथ-साथ क्षेत्र के प्राचीन पहाड़ी मंदिर, पंचमुखी शिव मन्दिर समेत अन्य मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। अनंत चतुर्दशी को लेकर घरों और मंदिरों में भारी संख्या में महिला पुरुष और बच्चों के द्वारा भी अनंत पूजा की कथा का श्रवण किया गया। जिसके साथ पूजा में शामिल सभी लोगों ने अपने और अपने प्रिय जनों के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। अनंत चतुर्दशी की पूजा को लेकर प्राचीन पहाड़ी मंदिर के पुजारी गिरधारी मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष हिन्दू पंचांग के अनुसार भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। अनंत चतुर्दशी पर भगवान विष्णु के अनंत अवतारों का पूजन किया जाता है। इसलिए इसे अनंत चतुर्दशी के नाम से जाना जाता है। भगवान विष्णु का दूसरा नाम अनंत देव भी है। इस व्रत को करने से व्यक्ति को अनेकों गुना ज्यादा शुभ फलों की प्राप्ति होती है। अनंत चतुर्दशी पर्व को अनंत चौदस के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि 14 वर्ष तक लगातार अनंत चतुर्थी का व्रत रखने से विष्णु लोक की प्राप्ति होती है। घर परिवार में शुख-शांति मिलती है। वही अनंत पूजा करने वाले श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के बाद अपने-अपने घरों में बनाए गए विशेष पकवान खाने के पूर्व अपने हाथों में 14 गांठ से बने अनंत को बांधा।

## जश्ने ईद मिलादुनबी अवसर पर शहर समेत विभिन्न ग्रामीणें क्षेत्रों में निकाला गया जुलूस


जुलूस में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जश्ने ईद मिलादुनबी अवसर पर गुरूवार को लातेहार शहर समेत विभिन्न ग्रामीणें क्षेत्रों में जुलूस निकाला गया। ज्ञात हो कि यह जुलूस मोहम्मद पैगंबर के जन्मदिन के अवसर पर निकाला जाता है। यह जुलूस अम्बटीकर मस्जिद से प्रारंभ होकर मेन रोड होते हुए थाना चौक से मस्जिद रोड होते हुए जुलूस जिला खेल स्टेडियम पहुंचा और सभा में तब्दिल हो गया। वहीं रक्तदान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। तत्पश्चात जुलूस का समापन किया गया। विदित हो कि पैगंबर मोहम्मद का जन्म अरब के रेगिस्तान के शहर मक्का में 570 ईस्वी में हुआ था। इस्लामिक कैलेंडर के तीसरे महीने रबी -उल -अव्वल के 12वें दिन ईद -उन मिलाद-उन-नबी का त्योहार मनाया जाता है। मौके पर इस्लाम धर्म मानने वाले लोगों के द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशी के रूप में इस मौके पर लोग जुलूस निकालकर सेलिब्रेट करते हैं। जुलूस-ए- मोहम्मदिया कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में जगह-जगह सुरक्षा के भी पुख्ता बंदोबस्त देखे गए। इसी के साथ जुलूस को लेकर लातेहार पुलिस सतर्कता के साथ थाना प्रभारी व जवानों के साथ मिलकर गश्त लगाते देखे गए। मौके पर रिजवान अली, अध्यक्ष नवजवान कमेटी अन्नू खान, माजिद खान, सालिक खान, सद्दाम अंसारी, विक्की आलम, मजहर हुसैन, साजिद खान, इम्तियाज अंसारी, महबूब आलम, दानिश खान, अहमद रजा, अमजद खान, फरदीन खान, हाजी आशिक उलाह, समसुल होडा, आफताब आलम, शमशाद अंसारी, अबरार अंसारी समेत कई लोग शामिल थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में घटिया सामग्री की आपूर्ति अविलंब वापस की जाए : जिप उपाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददता

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित 218 आंगनबाड़ी केंद्रों में बिना कोई विभागीय आदेश के आपूर्तिकर्ता द्वारा निम्न गुणवत्ता की कुर्सी, टेबल इत्यादि सामानों की आपूर्ति कर दी गई है। जिस पर लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने दोषी आपूर्तिकर्ता पर कार्रवाई की मांग की है। जिला परिषद ने बताया कि उन्हें सेविकाओं के द्वारा यह जानकारी दी गई कि उनके द्वारा यह सामग्री क्रय नहीं की गई है तो फिर ऐसी स्थिति में किस प्रकार बिना किसी विभागीय आदेश के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में सामान की आपूर्ति की गई है। उन्होंने आंगनवाड़ी सेविका से कहा कि आपूर्तिकर्ता द्वारा भेजे गए सामान को रिसीव नही करने की बात कही और कहा की आंगनबाड़ी सेविका सामान की खरीदारी स्वयं बाजार से करें। ताकि गुणवत्तापूर्ण सामग्री केंद्रों को प्राप्त हो सके। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में इसकी जानकारी रेणू रवि डीएसडब्ल्यो लातेहार को दे दी है। आपूर्तिकर्ता द्वारा सेविकाओं पर यदि भुगतान का दबाव दिया जाता है, तो यह गलत है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला परिषद की आगामी बैठक में इस मामले को उठाया जाएगा और जल्द ही उपायुक्त से मिलकर इसकी जांच कराई जाएगी। अब ऐसे में यह सवाल उत्पन्न होता है की किस पदाधिकारी की मिली भगत से आपूर्तिकर्ता द्वारा जबरन सामानों की आपूर्ति कर दी गई है।

# 20 वर्षों से कुंबे मे जीवन बीता रहे हैं मुशहर परिवार नहीं बनी है आधार कार्ड सभी सरकारी लाभ से वंचित

➲ बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलने के कारण मानवता जीवन जीने के लिए बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है

संजय राम


मुसहर परिवार।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के बरनी पेट्रोल पंप स्थित खुले मैदान मे लगभग बीस वर्षों से भी अधिक समय से मुसहर परिवार के लोग कुम्बे मे जीवन गुजार रहे हैं। आधार कार्ड नहीं बनने से राशन कार्ड, आवास योजना, पेंशन का लाभ सहित अन्य लाभ से वंचित हैं। भारत आजाद हुए लगभग 76 वर्ष बित गए लेकिन अभी भी दलित समुदाय की स्थिति मे कोई खास सुधार नहीं हुआ है। देश मे संविधान लागू हुए लगभग 73 वर्ष से भी अधिक समय बित गया लेकिन दिए गए आरक्षण के मुताबिक अभी भी लोग हाशिए पर खड़े हैं। अभी भी अनुसूचित जाति-जनजाति व वन मे रहने वाले पिछड़े वर्ग आर्थिक पायदान पर पिछड़े हुए हैं। आलम यह है की मुसहर परिवार के बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलने के कारण मानवता जीवन जीने के लिए बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है जिसके कारण अभी भी लोग चूहे, गिलहरी, कछुआ, कंद-मूल सहित अन्य चीज खाकर जीवन बिताने पर विवश हैं। जबकी अनुसूचित जाती जनजाती के अलावे वन मे निवास करने वाले कई जातियों को शिक्षा और विकास के लिए सरकार द्वारा कई महत्त्वकांक्षी योजना चलाई जाती है। लेकिन यहां निवास करने वाले मुशहर परिवार को आधार कार्ड तक नहीं बना है जिसके कारण अपने पुराने पेशे सांप पकड़ना, गाँव- गाँव मे घूमकर भीख मांगना के अलावे ऐसे परिवार मे कोई खाश परिवर्तन नहीं हुआ है। शिक्षा की कमी से अपने पेशे में लोग परिवर्तन नहीं कर पा रहे हैं। पुराने पेशे से छुटकारा नहीं मिल रही है। आधार कार्ड नहीं बनने के कारण कई तरह के दंश नहीं झेलना पड़ रहा है। हमलोग अच्छे मकान मे रह रहे हैं और मुशहर परिवार भारी बारिश मे गंदे फटे वस्त्र पहनकर पते और प्लास्टिक के कुम्बा बनाकर जीवन जी रहे हैं। आर्थिक और सामाजिक असमानता को धीरे- धीरे समाप्त करने के लिए अनुसूचित जाति जनजातियों के लिए आरक्षण दिया गया है। परन्तु धरातल मे नजारा अलग ही है। संविधान के अनुच्छेद 17 पिछड़े वर्गों को उत्थान के लिए विधिकाओं और सेवाओं मे भी आरक्षण की भी व्यवस्था की गई लेकिन संविधान लागू हुए 70 वर्ष से भी अधिक समय बित जाने के बावजूद भी आर्थिक और सामाजिक रूप से असमानता झेल रहे हैं। वहीं समाज सेवी झूलन प्रसाद भगत ने कहा की मुसहर परिवार को आधार कार्ड बनवाने के साथ राशन सहित अन्य लाभ दिलाने का जिला और प्रखंड प्रशासन से आग्रह करता हूं।

### शिव मंदिर प्रांगण में 2 अक्टूबर को विशाल धर्म सभा का किया जाएगा आयोजन

➲ श्री राम मंदिर निर्माण के ट्रस्ट में शामिल कामेश्वर चौपाल जी 2 अक्टूबर को पहुंचेंगे मनिका


बजरंग दल संयोजक अंकित कुमार।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत स्थित पचफेड़ी चौक के समीप शिव मंदिर के प्रांगण में 2 अक्टूबर दिन सोमवार को सुबह 9:00 बजे से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा शौर्य जागरण यात्रा सह विशाल धर्म सभा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जानकारी मनिका प्रखंड के बजरंग दल संयोजक अंकित कुमार ने दिया। उन्होंने बताया कि अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए बने ट्रस्ट में शामिल कामेश्वर चौपाल जी 2 अक्टूबर को मनिका आ रहे हैं। इसलिए सभी सनातनी भाइयों बहनों से आग्रह है कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ऐतिहासिक रथ यात्रा निकाला जा रहा है जो सुबह 8:30 बजे बकोरिया मोड़ से प्रारंभ होगा और बकोरिया होते हुए रथ यात्रा पचफेड़ी चौक स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में पहुंचेगी जहां विशाल धर्म सभा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड वासियों के लिए यह सौभाग्य की बात है कि रथ यात्रा मनिका प्रखंड क्षेत्र होते हुए जा रही है इसलिए इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

स्पीड न्यूज

### अभिनेता राजकुमार ने भाजपा से दिया इस्तीफा

**इम्फाल।** जाने-माने मणिपुरी अभिनेता राजकुमार सोमेंद्र ने राज्य सरकार द्वारा ह्यह्यमौजूदा जातीय संघर्ष और दो छात्रों की नृशंस हत्या के मामले को सही ढंग से नहीं संभालने को लेकर भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। सोमेंद्र को 'काइकू' के नाम से भी जाना जाता है और वह लगभग 400 फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उन्होंने भाजपा की प्रदेश इकाई के नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप दिया, जबकि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया।

### जुलाई में खनिज उत्पादन 10.7 % बढ़ा

**नयी दिल्ली।** भारत का खनिज उत्पादन जुलाई में सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत बढ़ा है। खान मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई, 2023 के लिए खनन व उत्खनन क्षेत्र का खनिज उत्पादन सूचकांक 111.9 पर था, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.7 प्रतिशत अधिक है।

### अतीक अहमद गिरोह का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अतीक अहमद गिरोह के सक्रिय सदस्य और एक लाख रुपए के इनामी अपराधी अब्दुल समद उर्फ सद्दाम को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के सूत्रों के मुताबिक प्रयागराज के पूरामुफ्ती के रहने वाले अपराधी सद्दाम को 27/28 सितंबर की दरमियानी रात करीब दो बजे दिल्ली के मालवीय नगर से गिरफ्तार किया गया।

### गुजरात में 800 करोड़ की कोकीन बरामद

**गांधीधाम ।** गुजरात में कच्छ जिले के गांधीधाम शहर के पास संकरी खाड़ी के किनारे से बृहस्पतिवार को 80 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई जिसकी कीमत करीब 800 करोड़ रुपये है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित पदार्थ के एक-एक किलोग्राम के 80 पैकेट मिले हैं।

### उज्जैन में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में ऑटो चालक गिरफ्तार

**उज्जैन ।** मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में सड़क पर खून से लथपथ पाई गई लड़की से दुष्कर्म मामले में पुलिस ने एक ऑटोरिक्शा चालक को गिरफ्तार किया। इसके अलावा पांच अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। उज्जैन के पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए ऑटोरिक्शा की यात्री सीट पर कुछ खून के धब्बे भी मिले हैं। पुलिस ने कहा कि जैतवारा थाने में 25 सितंबर को 13 वर्षीय बालिका की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। यदि यह वही लड़की है तो इसकी पुष्टि उसके परिवार द्वारा पहचान करने के बाद होगी।

# कनाडाई भारतीयों में डर का माहौल

## प्रवासियों ने ट्रूडो के आरोपों को बताया बेहद गैर-जिम्मेदाराना

**कनाडा के पीएम ने खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भारत का बताया था दोषी**

एजेंसी

**ओट्टावा।** खालिस्तान समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारत पर आरोपों के बाद कनाडा में बसे भारतीयों में डर का माहौल है। उन्होंने ट्रूडो के आरोपों को गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है। ट्रूडो की संसद में घोषणा के बाद कनाडा में बसा हिंदू समुदाय सतर्क हो गया। उनके ऐलान के बाद हिंदुओं को लगने लगा कि वो मुसीबत में हैं। वो डरे हुए हैं, क्योंकि ट्रूडो ने में संसद में जो कुछ भी कहा उससे ऐसा लग रहा था कि एक हिंदू सरकार ने एक सिख नेता की हत्या कर दी जो पूरी तरह से गलत है।

कनाडा के प्रधानमंत्री ने बीते दिनों निज्जर की हत्या के लिए भारत को दोषी ठहराया, जिसके बाद दोनों देशों के राजनयिक रिश्तों में तनाव पैदा हुआ है। इस मामले में अब तक कोई सबूत न पेश कर पाने के कारण कनाडाई प्रधानमंत्री कनाडा में बसे हिंदुओं का भरोसा भी खोते जा रहे हैं। भारतीय-कनाडाई व्यवसायी रवि शर्मा ने कहा कि संसद में प्रधानमंत्री ट्रूडो की घोषणा कुछ ऐसी थी, जिसे आसानी से टाला जा सकता था। वह आसानी



से राजनयिक नियमों को अपना सकते थे। भारतीय मूल की एक अन्य कनाडाई नागरिक गीता भदुरिया ने कहा कि इस संबंध में सार्वजनिक चर्चा के स्थान पर राजनयिक स्तर पर बातचीत होनी चाहिए थी। सभी जानकारियों को बाहर लाना चाहिए, क्योंकि जब चीजें एक बंद कमरे में होती है, तो जनता अपने ही चुनी हुए सरकार के लिए संदिग्ध हो जाती है और फिर उनका भरोसा टूटने लगता है। कनाडाई नागरिकों का कहना है कि हिंदू और सिख कनाडा में हमेशा शांति और सद्भाव से रहे हैं, लेकिन पीएम ट्रूडो के गैर-जिम्मेदाराना बयान से डर का माहौल बन गया है। कनाडा में बसे भारतीय प्रवासियों ने कहा है कि देश की सरकार को यह साबित करने के लिए एक बड़ा सबूत पेश करने की जरूरत है कि भारत सरकार इसमें शामिल थी और इस मामले की पूर्ण, गहन और निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। उनका कहना है कि ट्रूडो के आरोप पूर्वाग्रहों से भरे हैं। कोई वास्तविक ठोस सुराग या जानकारी सामने नहीं लाई गई, जिससे जनता यकीन कर सके।

### नाजी सैनिक की प्रशंसा के लिए पीएम ने मांगी माफी

**ओट्टावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने नाजी सैनिक की प्रशंसा के लिए बुधवार को संसद में माफी मांगी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को जो कुछ हुआ उसके लिए बिना शर्त माफी मांगना चाहता हूं। वहां मौजूद हम सभी लोगों के लिए अनजाने में इस व्यक्ति को पहचानने में बड़ी गलती हुई। गौरतलब है कि हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर एंथोनी रोटा ने पिछले शुक्रवार को सदन में यारोस्लाव हंका को नायक करार दिया था। हालांकि मंगलवार को स्पीकर रोटा ने यह कहते हुए सदन के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया कि पूरे मामले के लिए वह पूरी तरह जिम्मेदार हैं। दरअसल, पोलिश मूल का यूक्रेनी हुंका (98) ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हिटलर की युनिट में सेवाएं दी थी और बाद में वह कनाडा चले गए। इस पूरे प्रकरण को लेकर जस्टिन ट्रूडो सरकार की भारी किरकिरी हुई। क्रेमलिन ने कहा था कि पूरी कनाडाई संसद को सार्वजनिक रूप से नाजीवाद की निंदा करनी चाहिए।

### कोटा में छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोटा।** कुन्हारी इलाके में सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी रहे एक 20 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक खीव सिंह राठौड़ ने बताया कि तनवीर खान का शव बुधवार दोपहर कृष्ण विहार कॉलोनी के उसके किराए के घर में लटका हुआ पाया गया, जहां वह अपने पिता व छोटी बहन के साथ रहता था। कुन्हारी थाने के उपनिरीक्षक नवल किशोर ने बताया कि मृतक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और संदिग्ध आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाना बाकी है। तनवीर खुद से प्रतियोगी परीक्षा की तैयार कर रहा था। तनवीर का परिवार उत्तर प्रदेश के महाराजगंज का रहने वाला है।

## शेयर बाजार में भारी गिरावट से सेंसेक्स 610 अंक लुढ़का, निफ्टी भी नुकसान में

# निवेशकों का 2.95 लाख करोड़ स्वाहा

**मार्केट कैप 3,16,65,937 करोड़ रुपये पर आया**

एजेंसी

**नयी दिल्ली /मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को आई गिरावट के साथ निवेशकों को 2.95 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 610.37 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,508.32 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 695.3 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,95,144.09 करोड़ रुपये घटकर 3,16,65,937.80 करोड़



रुपये पर आ गया। निफ्टी भी 192.90 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,523.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के

**टेक महिंद्रा को सबसे ज्यादा 4.59 प्रतिशत का नुकसान**

शेयरों में टेक महिंद्रा को सबसे ज्यादा 4.59 प्रतिशत का नुकसान हुआ। इसके अलावा एशियन पेंट्स, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू स्टील में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड और एक्सिस बैंक शामिल हैं।

### नवाचार में भारत 40वें स्थान पर बरकरार

**नयी दिल्ली।** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की ओर से प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक-2023 में भारत रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बना हुआ है। वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) में पिछले कई वर्षों से 81वें स्थान पर था। 2023 में सुधार के साथ भारत 40वें स्थान पर पहुंच गया। नीति आयोग के अनुसार महामारी से संकट के खिलाफ देश की लड़ाई में नवाचार ने अग्रणी भूमिका निभाई है। यह प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान में निहित है। जीआईआई रैंकिंग में लगातार सुधार ज्ञान पूंजी, जीवंत स्टार्ट-अप ईको सिस्टम और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों के कारण है।

## एयर इंडिया के कर्मियों की जल्द बदलेगी वर्दी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया ने नई वैश्विक ब्रांड पहचान की दिशा में एक और कदम उठाया है। वर्ष 2023 के अंत तक एयर इंडिया के कर्मचारी नई वर्दी में नजर आएंगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा है कि एयर इंडिया ने केबिन क्रू, कॉकपिट क्रू, ग्राउंड और सुरक्षा कर्मचारियों सहित फ्रंटलाइन पर 10,000 से अधिक एयर इंडिया कर्मचारियों के लिए नई वर्दी डिजाइन करने के लिए प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। एयर इंडिया आधुनिकीकरण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में एयर इंडिया की नई वैश्विक ब्रांड पहचान की अभिव्यक्ति भी मानती है। एयर इंडिया को उम्मीद है कि वह 2023 के अंत तक अपने वर्दीधारी कर्मचारियों को नए लुक में पेश करना शुरू कर देगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने कहा कि हमारे ब्रांड, विरासत और हमारी संस्कृति के तत्वों के साथ-साथ विमानन परिवेश की अनूठी जरूरतों के अनुरूप मल्होत्रा और उनकी टीम मिलकर काम कर रही है।

## नेपाल के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों पर चलेगा मुकदमा

**भूमि घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने माधव कुमार नेपाल और डॉ बाबूराम भट्टराई के खिलाफ 15 दिन के भीतर मुकदमा दायर करने का दिया निर्देश**

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने चर्चित भूमि घोटाला मामले में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों- माधव कुमार नेपाल और डा. बाबूराम भट्टराई के खिलाफ 15 दिन के भीतर मुकदमा दायर करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने मामले की जांच के लिए गठित जांच आयोग को उसके रवैए को लेकर फटकार भी लगाई है। ललिता निवास कांड के नाम से चर्चित इस भूमि घोटाले की जांच के लिए गठित अख्तियार दुरुपयोग अनुसंधान आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपनी चार्जशीट में दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों को आरोपित नहीं बनाया है, बल्कि उनका नाम सरकारी गवाह के रूप में शामिल किया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि नीतिगत निर्णय में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करने वाले दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों को किस आधार पर क्लीनचीट दी गई है? सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विनोद शर्मा की सिंगल बेंच जांच आयोग द्वारा दाखिल चार्जशीट में दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों का नाम आरोपित के तौर पर शामिल नहीं किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही है इस याचिका में कहा गया है कि ललिता निवास कांड एक सरकारी नीतिगत भ्रष्टाचार का मामला है जसमें पूरी सरकार शामिल थी।

### पंजाब : मादक पदार्थ मामले में कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ।** पंजाब पुलिस ने 2015 के मादक पदार्थ मामले में गुरुवार को कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मंजीत सिंह के नेतृत्व में पंजाब पुलिस की एक टीम ने सुबह करीब छह बजे खैरा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर छापा मारा। पुलिस ने खैरा को बताया कि उन्हें स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम मामले में गिरफ्तार किया जा रहा है।

## दानिश व बिधूड़ी मामले की होगी जांच

**स्पीकर बिरला ने सांसदों की शिकायतों को विशेषाधिकार समिति के पास भेजा**

एजंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ भाजपा के सदस्य रमेश बिधूड़ी द्वारा आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल से संबंधित विपक्ष एवं सत्तापक्ष के कई सांसदों की शिकायतों को विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले, तृणमूल कांग्रेस की अपरूपा पोद्दार, द्रमुक सांसद कनिमोई और विपक्ष के कई अन्य सदस्यों ने बिरला को पत्र लिखकर बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इन सांसदों ने मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने का भी आग्रह किया था। चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां विषय पर लोकसभा में चर्चा के दौरान गत 21 सितंबर को बिधूड़ी ने अली के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। दूसरी तरफ, भाजपा सांसदों निशिकांत दुबे और रवि किशन ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर दावा किया था कि पहले अली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने का आग्रह किया था।

## रणबीर कपूर के जन्मदिन पर एनिमल का टीजर जारी

**मुंबई।** अभिनेता रणबीर कपूर की आगामी फिल्म एनिमल का टीजर बृहस्पतिवार को निर्माताओं ने अभिनेता के 41वें जन्मदिन पर जारी किया। अर्जुन रेड्डी और कबीर सिंह जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वंगा ने एनिमल का निर्देशन किया है, जिसमें अनिल कपूर, बॉबी देयोल और रश्मिका मंदाना जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। आपराधिक पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म के 2.26 मिनट लंबे टीजर को सोशल मीडिया पर साझा किया गया। फिल्म में अनिल कपूर व रणबीर कपूर, पिता-पुत्र के किरदार



निभा रहे हैं जिनके रिश्ते तनावपूर्ण हैं। निर्माताओं ने बताया कि एनिमल आपराधिक पृष्ठभूमि पर बनी एक ऐसी फिल्म है, जो आपको कौतूहल के सफर पर ले जाएगी, जहां रोमांच और जुनून भी होगा।

### ओडिशा में भाजपा के दो विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष की ओर फेंकी दाल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भाजपा के मुख्य सचेतक मोहन माझी सहित पार्टी के दो विधायकों को गुरुवार को विधानसभा में अध्यक्ष प्रमिला मलिक के आसन की ओर दाल फेंकने के लिए सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। विधानसभा का मौजूदा सत्र चार अक्टूबर तक चलेगा। भाजपा के जिस अन्य विधायक को निलंबित किया गया है उनका नाम मुकेश महालिंग है। भाजपा विधायक बीजद सदस्य की टिप्पणी का विरोध कर रहे थे, जिन्होंने विपक्षी सदस्यों को अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के साथ सदन में आने की अपील की थी।

## चांद पर जाने की तैयारी में जुटा नासा का रोवर

एजेंसी

**फ्लोरिडा।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम लैंडर की सफल लैंडिंग करवाई। 23 अगस्त 2023 को जो इतिहास लिखा गया, उसने अमेरिकी एजेंसी नासा को भी प्रेरित किया। इसरो के प्रज्ञान रोवर की तरह नासा का वाइपर भी चांद पर जाने की तैयारी कर रहा है। नासा ने अपने इस रोवर के साथ ही मिशन के बारे में भी कई जानकारियां मुहैया कराई हैं। नासा का कहना है कि वाइपर रोवर का मोबिलिटी टेस्ट जारी है जो यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि रोबोट दक्षिणी ध्रुव के लिए तैयार है।

**▶▶ दक्षिणी ध्रुव पर होगी वाइपर की लैंडिंग, रोवर के प्रोटोटाइप का टेस्ट सफल**



नासा का वाइपर यानी वोलाटाइल्स इन्वेस्टिगेटिंग पोलर एक्सप्लोरेशन रोवर के प्रोटोटाइप ने हाल ही में बड़ा टेस्ट पास किया है। रोवर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपने मिशन के दौरान सबसे कठिन इलाके से गुजरने की अपनी क्षमता को सफलतापूर्वक परखा है। नासा ने बताया है कि वाइपर को दक्षिणी ध्रुव जैसे वातावरण में ही टेस्ट किया जा रहा है। वाइपर ने सिंक टैंक में रेत जैसी मिट्टी पर खुद को आजमाया।

साथ ही यह झुकाव वाली जगह पर भी चढ़ गया। साथ ही इसने टेस्ट में पत्थरों और गड्ढों पर भी जीत हासिल की है। कठिन रास्तों पर रोवर की क्षमता को परखने के अलावा एक और लक्ष्य को पूरा किया गया है। नासा की टीम ने चंद्रमा के दूसरे हिस्सों पर भी रोवर के प्रदर्शन को परखा है। टीम को पूरी उम्मीद है कि रोवर का अधिकांश समय वहां की परिस्थितियों से भी सामना होगा।

नासा के इंजीनियरों ने क्लीवलैंड में नासा के ग्लेन रिसर्च सेंटर में स्लोप लैब में चंद्रमा की भुरभुरी मिट्टी को नेविगेट करने की वाइपर की प्रोटोटाइप की क्षमता को परखा है। इसे मून ग्रेविटेशन रिप्रेजेंटेटिव यूनिट के रूप में जाना जाता है। इस मून ग्रेविटेशन रिप्रेजेंटेटिव यूनिट में खासतौर पर चंद्रमा रोवर के लिए डिजाइन किए गए मोटर कंट्रोलर्स हैं। यह रोवर के मोबिलटी सिस्?टम में हार्डवेयर का एक सबसे जरूरी पार्ट होता है। इसकी मदद से रोवर के पहियों तक सप्लाई होने वाली बिजली के लिए मोटरों को कंट्रोल किया जाता है।

# श्री श्री महावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति धुर्वा में बन रहा भव्य पंडाल

**खबर मन्त्र का अभियान : 12 फीट ऊंची होगी मां दुर्गा की प्रतिमा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सभी पूजा समितियां एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल का निर्माण करा रही हैं। इस वर्ष भी सभी पूजा समितियां भव्य तरीके से पूजा मनाने की तैयारी में जुटी है। श्री श्री महावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति धुर्वा के द्वारा प्रत्येक वर्ष आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जाता है। पंडाल में बंगाल के कारीगर काल्पनिक मंदिर का स्वरूप देने में जुटे हैं।

पूजा समिति के अध्यक्ष आकाश दीप ने बताया कि इस बार पूजा में लगभग सात लाख रुपये खर्च आने का अनुमान है। पंडाल को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। मूर्तिकार मां दुर्गा की 12 फीट ऊंची मूर्ति का निर्माण कर रहे हैं। पंडाल की ऊंचाई 40 फीट और चौड़ाई 45 फीट होगी। उन्होंने बताया इस बार सड़क पर गेट लाइट लगाई जाएगी, सड़क के किनारे लाइट लगाई जाएंगी। पंडाल में आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : आकाश दीप**



पूजा समिति के अध्यक्ष आकाश दीप ने कहा कि श्रद्धालुओं को आने-जाने में कष्ट ना हो इसके लिए सड़क पर डस्ट समिति की ओर से गिराया जाएगा । भक्ति गानों को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए वॉलिंटियर लगे रहेंगे। उन्होंने बताया कि पूजा के दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता में है।



VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

